आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
मां ताप्ती जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 354 | इंदौर, मंगलवार 21 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### खार्ग आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की तो कोई जिंदा बचकर नहीं जाएगा

**तेल अवीव।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने खार्ग आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की तो उसके सैनिक जिंदा वापस नहीं लौट पाएंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की खार्ग आइलैंड पर कब्जे से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ईरान में ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। खार्ग आइलैंड और उसके आसपास सामना करने के लिए पूरी तैयारी है। खार्ग आइलैंड फारस की खाड़ी में बुशहर प्रांत के तट से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित है। यह ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र है और रणनीतिक रूप से देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिसंपत्तियों में गिना जाता है।

### त्रिपुरा के डीजीपी अनुराग धनखड़ का अपने ऑफिस में मिला शव

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में एक दुखद व हैरान करने वाली घटना घटी है। प्रदेश के पुलिस मुखिया यानी डीजीपी अनुराग धनखड़ का शव उन्हीं के ऑफिस में मिला है। इससे अगरतला में पुलिस मुख्यालय में हड़कंप की स्थिति मच गई। अभी तक सुसाइड की आशंका जताई जा रही है। सोमवार को अगरतला स्थित पुलिस मुख्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस मुखिया डीजीपी अनुराग धनखड़ का शव उन्हीं के ऑफिस में मिला। घटना के बाद उन्हें तुरंत जीबीपी (गोविंद बल्लभ पंत) अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जानकारी के अनुसार, पुलिस इस मामले को संदिग्ध आत्महत्या मानकर जांच कर रही है।

### पुंछ में भूस्खलन से उजड़े कई परिवार, सात लोगों की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश के चलते मंडी तहसील के लोरन ब्लॉक के पीर पंजाल पहाड़ियों में स्थित दोमेल ढोक क्षेत्र में हुए भूस्खलन की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हो गई। सोमवार को लगातार बारिश के बीच दोमेल ढोक इलाके में अचानक भूस्खलन हुआ, जिसमें कई लोग मलबे की चपेट में आ गए। यह क्षेत्र बेहद दूरदराज और दुर्गम होने के कारण घटना की जानकारी प्रशासन तक देर शाम पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही मंडी प्रशासन और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रशासन एवं पुलिस दल को घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया।

### अर्जुन कपूर और साहिबा बाली भारत-इंग्लैंड का मैच देखने पहुंचे



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर और एक्ट्रेस साहिबा बाली रविवार को लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में एक साथ देखा गया। दोनों वहां भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे वनडे मैच को देखने पहुंचे थे। स्टेडियम से दोनों की तस्वीरें सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके डेटिंग की चर्चा शुरू हो गई। अब साहिबा बाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अर्जुन कपूर के साथ एक फोटो शेयर करते हुए इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। साहिबा ने एक मैसेज लिखकर फैंस से ऐसी खबरों पर भरोसा न करने की बात कही है। स्टोरी पर लिखा- 'हर बात पर भरोसा मत करो' साहिबा बाली ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लॉर्ड्स स्टेडियम की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे अर्जुन कपूर के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।

### पटना में पासपोर्ट ऑफिस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

**मनेर (पटना)।** पटना के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अब जिले के मनेर स्थित उप डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट सेवा कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल सामने आते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर पूरे डाकघर परिसर को तत्काल खाली करा दिया गया और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, डाक अधीक्षक (पासपोर्ट) के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश भेजा गया। ईमेल में कहा गया कि हमारे पैगंबर का अपमान किया गया है, इसलिए डाकघर में साइनाइड गैस छोड़ी जाएगी और कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ा दिया जाएगा।

### एलटीसीजी टैक्स खत्म होने की अटकलें

**नई दिल्ली।** अभी रिटेल और घरेलू निवेशकों के लिए इक्विटी ट्रांजैक्शन पर लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स को खत्म करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह और बात है कि मार्केट सेंटीमेंट को बेहतर बनाने के लिए बाजार के लोग इसकी मांग कर रहे हैं। सरकार ने 20 जुलाई को संसद को यह जानकारी दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि सरकार रिटेल और घरेलू निवेशकों के लिए एलटीसीजी को कब खत्म करेगी ताकि मार्केट सेंटीमेंट सुधरे, घरेलू निवेशकों की सुरक्षा हो और विदेशी व भारतीय निवेशकों के बीच बराबरी का माहौल बने। मंत्री ने बताया, 'ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।' उन्होंने आगे कहा कि कैपिटल गेन्स की दरों सहित टैक्स नीतियों की समीक्षा समय-समय पर सालाना बजट प्रक्रिया और कानूनी बदलावों के तहत की जाती है।

---

थैलेसिमिया से प्रभावित करीब 200 से अधिक बच्चों एवं रक्त जरूरतमंदों की सहायतार्थ

# 'दा साब' स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता की 111वीं जयंती पर 'रक्तांजलि'

## वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार समिति 26 जुलाई को करेगी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष परमश्रद्धेय पं.गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब' की 111वीं जयंती 26 जुलाई रविवार पूर्वान्ह 11 बजे से कासमास माल, नानाखेड़ा उज्जैन में रक्तदान का आयोजन किया जा रहा है। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था की सहभागिता के मेगा रक्तदान शिविर में 'दा साब' को रक्तांजलि दी जाएगी। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन से उज्जैन में थैलेसिमिया से प्रभावित करीब 300 बच्चे लाभांवित होंगे और उनके परिजनों को सहायता मिल सकेगी।



मुख्य आयोजक वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के वेस्टर्न रेलवे मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने बताया कि 'दा साब' का मजदूर संघ के प्रारंभिक काल से गहरा नाता रहा। उन्होंने अपने जीवनकाल में सदैव समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी जयंती पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बनेगा। सहयोगी आयोजक उज्जयिनी रक्त संचार समिति इसमें अधिक से अधिक रक्तदान के लिए आमजन को प्रेरित करेगा।

#### रक्तदान ही नहीं जीवनदान है

आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

**दान दाता कम लेने वाले ज्यादा-** दोनों ही संस्था की और से बताया गया कि वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह है कि रक्तदान करने वाले कम हैं और उसे खरीदकर लेने वालों की संख्या अधिक है। ऐसे में इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**प्रतिमाह बच्चों को 300 युनिट की जरूरत-** उज्जैन जिला अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संगीता गुप्ता के अनुसार प्रत्येक वर्ष के गर्मी के माह अप्रैल-मई में ब्लड बैंक में दान से मिले रक्त में कमी आ जाती है। उसकी वजह इन दो माह में रक्तदान कम होता है। इस कारण से आवश्यकता वाले लोगों को परेशानी होती है। खासकर उज्जैन के थैलेसिमिया से ग्रस्त करीब 200 से अधिक नन्हे-मुन्ने बच्चों को इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रति माह ऐसे बच्चों को ब्लड बैंक करीब 300 युनिट रक्त निःशुल्क उपलब्ध करवाता है। ब्लड बैंक की क्षमता 900 युनिट ब्लड रखने की है।

#### दोनों संस्थाओं की रक्तदान की अपील

उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया तथा वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

---

पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों को जंतर-मंतर से हटाया

# पुलिस ने निहत्थों को पीटा, संसद मार्च में भी लाठीचार्ज

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

- पुलिस ने मंच खाली करा लिया और टेंट भी निकाल दिए
- प्रदर्शन में पुलिस के लाठीचार्ज और झड़प में कई प्रदर्शनकारी घायल

कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलनकारियों को जंतर-मंतर से हटा दिया गया है। पुलिस ने मंच खाली करा लिया और टेंट भी निकाल दिए। प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर के बाद कनॉट प्लेस से भी खदेड़ दिया गया। इस दौरान पुलिस ने जबरदस्त लाठीचार्ज भी किया।

उधर, सीजेपी का दावा है कि अभिजीत दीपके को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, बाद में पुलिस और सीजेपी दोनों ने इस बात से इनकार कर दिया। सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए प्रदर्शन में पुलिस के लाठीचार्ज और झड़प में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

मामला तब बढ़ गया, जब आंदोलनकारी सुबह 10 बजे बैरिकेड तोड़कर पार्लियामेंट की तरफ बढ़े। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद प्रदर्शनकारी संसद के करीब पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसने की कोशिश की। इसे देखते हुए संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई। मेन गेट को बंद कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस के एक्शन के बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। जब बाहर ये हंगामा चल रहा था उस वक्त पीएम समेत सभी सांसद संसद में मौजूद थे। इस पूरे घटनाक्रम के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधि जेपी नड्डा से मिले। इनका दावा है कि नड्डा ने उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि जंतर-मंतर और उसके आस-पास अब कोई कार्रवाई नहीं होगी।



#### वांगचुक की पत्नी के बाल खींचे

सीजेपी के प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि पुलिस कार्रवाई में गीतांजलि के साथ मारपीट की गई और उनके बाल खींचे गए। आरोप के अनुसार, इस झड़प के दौरान एक 12 साल की बच्ची का सिर फूट गया और 40 से 50 अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

#### जेपी नड्डा ने मांगा समय, सीजेपी ने रखीं मांगें

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधि आशुतोष रांका ने दावा किया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उनकी मांगों पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के लिए कुछ समय मांगा है। रांका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि सीजेपी ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं।
**पहली-** सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा किया जाए।
**दूसरी-** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें।
**तीसरी-** नीट-यूजी 2026 की तैयारी कर रहे जिन अभ्यर्थियों ने आत्महत्या की, उनके परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।

## भारत में पहली डेंगू वैक्सीन को मंजूरी

### बिना किसी जांच के 4 से 60 साल तक के लोग ले सकेंगे डोज

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत में पहली बार डेंगू की वैक्सीन को मंजूरी मिल गई है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने ताकेदा बायोफार्मास्यूटिकल्स इंडिया की वैक्सीन क्यूडीईएनजीए को बाजार में इस्तेमाल की अनुमति दे दी है।

कंपनी के मुताबिक, यह वैक्सीन चार से 60 साल तक के लोगों को लगाई जा सकेगी। इसे लगवाने से पहले यह जांच कराने की जरूरत नहीं होगी कि व्यक्ति पहले कभी डेंगू से संक्रमित हुआ था या नहीं। भारत में मिली मंजूरी ताकेदा के वैश्विक क्लीनिकल डेवलपमेंट प्रोग्राम के आधार पर दी गई है। इसके तहत फेज-I, फेज-II और फेज-III के कुल 19 क्लीनिकल ट्रायल किए गए, जिनमें 28 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। क्यूडीईएनजीए की दो डोज दी जाती हैं। प्रत्येक डोज 0.5 मिलीलीटर की होती है और त्वचा के नीचे इंजेक्शन के जरिए लगाई जाती है। दोनों डोज के बीच तीन महीने का अंतर रखा जाता है।

#### देश में ही होगा वैक्सीन का उत्पादन

'क्यूडेंगा' (टीएके-003) असल में जापानी कंपनी 'टाकेडा' की खोज है, लेकिन हमारे लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि 'मेक इन इंडिया' के तहत इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन देश में ही होगा। टाकेडा ने हैदराबाद की जानी-मानी फार्मा कंपनी 'बायोलॉजिकल ई' के साथ करार किया है। भारत में ही बनने की वजह से इसकी सप्लाई तेज और बिना किसी रुकावट के होगी।



## एंडी बर्नहैम ब्रिटेन के नए पीएम बने

**एजेंसी ▸▸ लंदन**



ब्रिटेन में सोमवार को एंडी बर्नहैम ने नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वह पिछले 10 साल में ब्रिटेन के सातवें प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने देश की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े बदलाव का वादा करते हुए कहा है कि उनकी सरकार लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं, जैसे महंगाई और खराब सार्वजनिक सेवाओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देगी। पूर्व प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर विदाई भाषण देने के बाद किंग चार्ल्स को अपना इस्तीफा सौंपा। इसके बाद ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर एंडी बर्नहैम ने किंग से मुलाकात की और औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली।

## खलील हमास का नया चीफ नियुक्त

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**

हमास ने खलील अल-हय्या को अपना नया नेता चुना है। वह खान यूनिस के कसाई के नाम से कुख्यात याह्या सिनवार की जगह लेगा। याह्या सिनवार को अक्टूबर 2024 में गाजा में इजरायली सेना ने मार गिराया था। यह नियुक्ति हमास के आंतरिक चुनाव के बाद हुई है। खलील अल-हय्या हमास का पूर्व डिप्टी चेयरमैन रह चुका है। उसने हमास के पूर्व राजनीतिक नेता खालिद मशाल को हराकर यह कुर्सी हासिल की है। खलील अल-हय्या हमास का वरिष्ठ नेता है। उसने अगस्त से अक्टूबर 2024 तक हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। वह अक्टूबर 2024 में आईडीएफ के हमले में याह्या सिनवार की मौत के बाद, जाहिर जबरीन, मुहम्मद इस्माइल दरविश और एक अज्ञात हमास नेता के साथ हमास के कार्यवाहक सरकार के प्रमुख के रूप में संयुक्त रूप से काम कर रहा था।



गलत ट्रेन पकड़ने से भटक गई थी, बंधक बनाकर किया गया शोषण

# बिहार की लड़की को भोपाल में बेचा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

इंसानियत को शर्मसार करने वाले एक मानव तस्करी गिरोह का पदार्फाश हुआ है। बिहार की एक 16 साल की नाबालिग लड़की एक साल तक भोपाल के एक फ्लैट में बंधक रहने के बाद किसी तरह भागकर पुलिस के पास पहुंची।

गलत ट्रेन पकड़ने के कारण भटक गई इस लड़की को एक बुजुर्ग दंपती ने सहारा देने का झांसा देकर इंदौर और फिर भोपाल में 30 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर को बेच दिया था।

मार्च 2025 में घरेलू विवाद के बाद नाबालिग घर से अपनी बहन के पास जाने निकली थी, लेकिन गलती से दूसरी ट्रेन में बैठ गई। अनजान स्टेशन पर उतरी किशोरी को एक बुजुर्ग दंपती ने बहला-फुसलाकर अपने पास रखा। दो दिन इंदौर में रखने के बाद वे उसे भोपाल ले आए और यहां एक मजदूर से उसकी जबरन शादी करा दी।

30 साल का आरोपी मजदूर उसे भोपाल के एक अपार्टमेंट में ताला बंद करके रखता था और लगातार उसका यौन शोषण कर रहा था। शनिवार सुबह जब आरोपी मजदूरी करने बाहर गया, तो किशोरी किसी तरह मौका पाकर फ्लैट से बाहर निकली और सीधे नजदीकी थाने पहुंची।

# चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर संसद में हंगामा

## खड़गे बोले- जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज से बच्चों की आवाज दबा रही सरकार

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही नहीं चल पाई। लोकसभा और राज्यसभा को छह बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसद नीट पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कुछ सांसद पोस्टर-बैनर लेकर सदन के अंदर आए।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की। खड़गे ने कहा- जंतर-मंतर पर बच्चे इकठ्ठा हुए, उनकी आवाज को दबाया जा रहा। सरकार ने उन पर लाठीचार्ज किया। उधर हंगामे के बीच लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। दिन में सबसे पहले मोदी ने संसद के हंस द्वार पर मीडिया को 15 मिनट संबोधित किया। पीएम ने कहा- मानसून हो या मानसून सत्र, अगर दोनों प्रो-एक्टिव हों तो बहुत ही प्रोडक्टिव होते हैं। संसद में तर्क के साथ चर्चा हो।

### मध्यप्रदेश-यूसीसी विधेयक सदन में पेश, विधानसभा घेरने निकले ओबीसी महासभा के सदस्यों की पुलिस से झड़प

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक 2026 पेश कर दिया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि इस पर कल चर्चा कराई जाएगी। इसके बाद आगे की कार्यवाही होगी।

उधर, विधानसभा का घेराव करने निकले ओबीसी महासभा के सदस्यों को भोपाल पुलिस ने रंगमहल चौराहे पर रोक लिया। इसके विरोध में प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए बैरिकेड्स पर चढ़ने लगे। पीछे धकेलने पर वे जवानों से भिड़ गए। पुलिस को वाटर कैनन चलानी पड़ी। हल्के बल प्रयोग के बाद प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



**जमीन खरीदी पर कार्यवाही दो बार स्थगित-** विधानसभा में उज्जैन जमीन खरीदी मामले पर चर्चा को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के विधायकों का शोर-शराबा जारी रहा। इसके चलते विधानसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। इससे पहले कांग्रेस विधायक, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के मुखौटे लगाकर पहुंचे।

### मोदी ने स्पीच में कहा- सत्र प्रोडक्टिव रहे, यही उम्मीद

**संसद में सार्थक चर्चा जरूरीः** संसद में सार्थक चर्चा होना, मिलजुलकर देश को आगे ले जाने की चर्चा होना आज के वक्त की मांग है। तर्क-तथ्य के साथ सदन की चर्चा को मजबूत किया जाए, हर आवाज को सम्मान मिले। मैं सभी सांसदों को सदन में चर्चा के लिए निमंत्रण देता हूं।
**देश में पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरूः** पिछले दिनों राजस्थान में सबसे बड़ी रिफाइनरी देश को समर्पित की गई। कुछ दिन पहले ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुरू की। दुनिया के कुछ देशों में ही ये ट्रेन चल रही है। भारत की ये ट्रेन सबसे ताकतवर और सबसे लंबी है।
**संकट के बीच भारत मजबूत रहाः** लगातार कहीं न कहीं विपरीत स्थितियां बनती रही हैं। पश्चिम एशिया का युद्ध संकट का कारण रहा। पेट्रोल, डीजल, फर्टिलाइजर्स का संकट आया, लेकिन भारत 7.7% की विकास दर बढ़ने वाला देश रहा।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## दो तरह की आधुनिकता की स्वीकार्यता




हर स्तर पर आधुनिकता के सभी पक्षों को स्वीकार्य करने की बजाय कुछ मुद्दे पर उसे स्वीकार करना और कुछ मुद्दों पर उससे दूरी बनाना सवाल खड़े कर रहा है। मंदिरों में यूं तो आधुनिकता के सभी पक्षों को स्वीकार किया जा रहा है। हाईटेक स्थिति में श्रद्धालुओं से व्यवहार किया जा रहा है और तमाम तरह से उसे लागू किया जा रहा है। मंदिरों में आने वाले दान की स्थिति में इस आधुनिकता को नजरअंदाज किया जा रहा है। आसपास सहित सभी बड़े मंदिरों में सोने-चांदी सहित अन्य धातुओं का दान बराबर लंबे समय से जारी है। इस दान की स्थिति में कभी उसे सोने जैसा और चांदी जैसा दर्जकर पंजी किया जाता था। उसके उपरांत उसे अन्य तरीके से दर्ज किया जाने लगा। बाद में पंजीकृत सुनार से जांच करवाकर उसे लिखा जाने लगा। यही स्थिति लंबे समय से चली आ रही है। इसकी बजाय पिछले 2 दशकों से आधुनिकता की स्थिति में बाजार में सोना एवं चांदी के लिए मशीनें आ चुकी हैं जो सोने की शुद्ता एवं चांदी की शुद्धता को स्पष्ट करती है। इन मशीनों के मंदिरों में उपयोग से व्यवस्था में आधुनिकता का समावेश तो होगा ही साथ ही किसी प्रकार की गड़बड़ की भी संभावना नहीं बचेगी। यही नहीं दानदाता और श्रद्धालु भी इससे पूरी तरह से संतुष्ट होंगे और उन्हें भी इस बात का भान होगा कि जो दान उन्होंने किया है उसमें सोने या चांदी की कितनी शुद्धता रही है। प्रबंधन को भी दान को इंद्राज करने में कोई और किसी प्रकार की शंका कुशंका नहीं रहेगी। पता नहीं क्यों बाजार में इन मशीनों को आए लंबे समय के उपरांत भी मंदिरों में इनके उपयोग को लेकर जिम्मेदार अब तक कदम उठाने से बच रहे हैं जबकि श्रद्धालुओं की अन्य सभी व्यवस्थाओं को आधुनिकता में समावेशित कर ही किया जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि अन्यानेक मंदिरों में हाल ही में आए मामलों के बाद इस पूरी व्यवस्था को आधुनिकता से जोडा जाना अतिआवश्यक हो गया है। ऐसे में मंदिरों से संबंधित जिम्मेदार विभाग को ऐसे मामलों में संबंधित समितियों एवं व्यवस्था में ऐसी मशीनें उपलब्ध करवाकर चाहे एक शहर में एक हो जहां आसपास के सभी मंदिरों के इस प्रकार के दान का सत्यापन किया जा सके, लगाई जाना चाहिए । इससे दान का सदुपयोग होगा और पुराने दान की भी पुष्टि इन मशीनों से की जाना चाहिए, जिससे की बाद में विवाद के हाल कायम न हों।

## संक्षिप्त समाचार

- प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने आठ पदाधिकारियों की सूची जारी की, सभी नेता दतिया पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में करेंगे प्रचार
- सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा द्वारा आयोजित विभाग एवं प्रांतीय स्तरीय खेल महोत्सव का रविवार 19 जुलाई को समापन हुआ।
- बरखा की बूँदे चपला की धारियाँ, रह-रह कर मार रही नभ में किलकारियाँ... डॉ. आर. पी. तिवारी के गीत से गजलांजलि साहित्यिक संस्था की काव्य-गोष्ठी प्रारम्भ हुई।
- बास्केटबॉल खिलाड़ियों में आई बी एस ग्लोबल अकादमी की उदयीमान खिलाड़ी नवज्योति शर्मा को श्रेष्ठ अनुशासित खिलाड़ी घोषित कर प्रोत्साहित किया।
- 60 टीमों को पछाड़कर स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल बना चैंपियन, सिंगल्स और डबल्स में शिशुकुंज को दी मात
- हामूखेड़ी मूकबधिर छात्रावास में चित्तौड़ा व बाफना परिवार ने रोपे 162 पौधे, माता-पिता की स्मृति में पौधे लगाकर लिया संरक्षण का संकल्प
- बालई महासभा की राष्ट्रीय बैठक में समाज उत्थान पर मंथन, कबीर आश्रम निर्माण और शिक्षा पर दिया जोर
- शासकीय जीजाबाई महाविद्यालय, इंदौर में अध्ययनरत निशा जैन पिता विनोद जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

## ट्रेंडिंग




# तेज उमस से राहत, उज्जैन में 11 दिन बाद कई इलाकों में बारिश

## गुरुवार-शुक्रवार से लगातार मानसूनी सिस्टम सक्रिय होने के कारण भारी बारिश की संभावना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मालवा अंचल सहित बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन और आसपास के इलाकों में लम्बे समय से बारिश की राह देख रहे लोगों के लिए रविवार का दिन थोड़ी राहत लेकर आया। दिनभर की तीखी धूप और भारी उमस के बाद शाम होते ही मौसम ने करवट बदली। आसमान में काले बादलों का डेरा जमा और देखते ही देखते शहर के कई इलाकों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया।

शहर में ही रुक-रुक कर बारिश से सड़के गीली हो गई। कई इलाकों में तेज बारिश भी हुई, झमाझम फुहारों से मौसम में कुछ हद तक ठंडक घुल गई और लोगों को पिछले कुछ दिनों से जारी उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस मानसूनी सीजन में इससे पहले बीती 7-8 जुलाई की रात को शहर में



0.7 इंच बारिश दर्ज की गई थी। इसके बाद से ही लोग अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। रविवार शाम हुई वर्षा के बाद अब उज्जैन में कुल बारिश का आंकड़ा 426 मिमी तक पहुंच गया है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश फसलों के लिए अमृत साबित होगी।

### अगले तीन चार दिन बारिश की संभावना

मौसम केंद्र भोपाल के वैज्ञानिकों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी के कारण मालवा क्षेत्र में एक मजबूत वेदर सिस्टम बन रहा है। इसके प्रभाव से आगामी एक सप्ताह तक उज्जैन में सावन जैसी झड़ी देखने को मिल सकती है, जो खेती-किसानी के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। मौसम विभाग की माने तो सोमवार से आसमान में बादल छाए रहेंगे। दोपहर या शाम के समय गरज-चमक के साथ एक या दो बार तेज बौछारें गिरने की संभावना है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। मंगलवार को शहर के अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ तेज बारिश और आंधी चलने के आसार हैं। गुरुवार-शुक्रवार से लगातार मानसूनी सिस्टम सक्रिय रहने के कारण इन दोनों दिन भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

# सिंहस्थ श्रद्धालुओं के लिए आगर के ग्राम आंकली में बनेगा होल्डिंग स्टेशन

## एक हजार वाहनों की पार्किंग क्षमता के साथ होल्डिंग एरिया विकसित किया जाएगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आगामी सिंहस्थ 2028 में आने वाले संभावित 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के लिए आसपास के जिलों में होल्डिंग स्टेशन बनाए जाने हैं। इंदौर-कोटा मार्ग इसमें प्रमुख रहने वाला है। इस मार्ग पर मध्यप्रदेश का पहला जिला आगर-मालवा है जहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग स्टेशन की जमीन तय कर ली गई है। यहां पर एक हजार वाहनों की पार्किंग क्षमता के साथ होल्डिंग एरिया विकसित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

हाल ही में आगर-मालवा जिला प्रशासन ने इसके लिए जमीन का चयन कर लिया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने सुसनेर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान होल्डिंग एरिया के संभावित स्थलों को देखा था। इस दौरान



उन्होंने आगर-सुसनेर मुख्य मार्ग पर सुसनेर से 7 किलोमीटर पूर्व, टोल प्लाजा के समीप स्थित भूमि का अवलोकन किया था। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम आंकली स्थित स्टेडियम परिसर के बाहर एवं पीछे उपलब्ध भूमि का भी सिंहस्थ के दौरान होल्डिंग एरिया बनाए जाने हेतु निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों से विस्तृत चर्चा के उपरांत उन्होंने ग्राम आंकली के इस स्थान को होल्डिंग एरिया के लिए उपयुक्त बताया है। बकौल कलेक्टर प्रिती यादव सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं वाहनों के ठहराव हेतु लगभग 1000 वाहनों की पार्किंग क्षमता के साथ होल्डिंग एरिया विकसित किया जाए।

### गुमटियों, अस्थाई होटल एवं ढाबों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए

होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पेयजल, छाया एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाएं। कलेक्टर ने आंकली स्टेडियम के बाहर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे अवैध रूप से स्थापित गुमटियों, अस्थाई होटल एवं ढाबों को तत्काल हटाने के निर्देश तहसीलदार सुसनेर को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग के दोनों ओर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर प्रीति यादव ने सोयतकलां के डूंगरगांव, राजस्थान सीमा पर स्थित टोल प्लाजा चेकपोस्ट पर सिहस्थ के मद्देनजर श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाने के लिए स्थल का मौका मुआयना किया और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कहा गया है।

# गुप्त नवरात्रि में श्रद्धा के साथ हुई मां विपदतारिणी की पूजा



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व साधकों तथा तांत्रिक साधना से जुड़े श्रद्धालुओं के लिए माना जाता है। प्राचीन काल से ही बंगाल तंत्र साधना और शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की गुप्त नवरात्रि में द्वितीया से नवमी तिथि के बीच आने वाले शनिवार को मां काली के विपदतारिणी स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना का विधान है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रो. काजल नंदी ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के अवसर पर शनिवार को उज्जैन के बंगाली परिवारों में मां विपदतारिणी की श्रद्धापूर्वक पूजा की गई। मान्यता है कि मां विपदतारिणी अपने भक्तों और उनके परिवार को सभी प्रकार की विपत्तियों एवं संकटों से रक्षा प्रदान करती हैं। इसी आस्था के साथ परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई।

उन्होंने बताया कि मां की पूजा में पान और बताशे का विशेष महत्व होता है। इसके साथ ही मौसमी फलों का नैवेद्य अर्पित कर परिवार की खुशहाली और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई। पूजा के उपरांत घरों में विशेष पकवान बनाए गए तथा परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सावन की तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन

## नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट खुलेंगे, दुर्लभ संयोग में 8-10 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में इस बार सावन में दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। 17 अगस्त को सावन की तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन पड़ रही है। इसी दिन साल में सिर्फ एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट भी श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। दोनों बड़े आयोजन एक साथ होने से महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन विशेष तैयारियों में जुट गया है।

करीब सात साल बाद फिर ऐसा संयोग बन रहा है, जब सावन की तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन होगी। इससे पहले 2019 में भी ऐसा ही संयोग बना था। उस समय भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल की सवारी और नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट साल में केवल एक बार नागपंचमी पर 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। इस दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी दिन सावन के तीसरे सोमवार की महाकाल की शाही सवारी भी निकलेगी, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है। महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन होने के कारण दर्शन और भीड़ प्रबंधन के लिए अलग से बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में पुलिस, प्रशासन, मंदिर समिति के अधिकारी और सदस्य शामिल होंगे।

### निगम आयुक्त ने एसटीपी-ईटीपी निर्माण का किया निरीक्षण

# नमामि गंगे परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

## क्षिप्रा में प्रदूषित जल रोकने की योजना की समीक्षा, गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ महापर्व से पहले क्षिप्रा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित नमामि गंगे परियोजना के तहत निमार्णाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और सीवेज पंपिंग स्टेशन का निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।

परियोजना के तहत आयुर्वेदिक धनवंतरी कॉलेज के पीछे लगभग 82 करोड़ रुपये की लागत से 22 एमएलडी क्षमता का



एसटीपी बनाया जा रहा है। इसके साथ सीवेज पंपिंग स्टेशन तथा लगभग 920 मीटर लंबी 600 एमएम डीआई पाइपलाइन और 2 किलोमीटर सीवेज ट्रीटमेंट पाइपलाइन बिछाई जा रही है। आयुक्त ने ड्राइंग-डिजाइन की समीक्षा कर खुदाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा मंगलनाथ मंदिर के सामने 22 एमएलडी क्षमता का आईएनडी पंपिंग स्टेशन तथा भैरवगढ़ नाले पर 2.38 एमएलडी क्षमता का ईटीपी स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य पीलिया खाल और भैरवगढ़ नाले के दूषित पानी का उपचार कर उसे स्वच्छ रूप में क्षिप्रा नदी में प्रवाहित करना है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला एवं संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रोज लग रहा जाम, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को यहां से निकलने में हो रही परेशानी

# मंगलनाथ रोड पर सांदीपनि आश्रम के सामने सड़क पर बेतरतीब पार्किंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर के अलावा शहर के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। इन दिनों मंगलनाथ रोड स्थित सांदीपनि आश्रम के सामने सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाने के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। सड़क किनारे ही नहीं, बल्कि कई बार बीच सड़क पर भी ई-रिक्शा, ऑटो, मैजिक और अन्य वाहन खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा है।

मंगलनाथ रोड शहर का प्रमुख धार्मिक मार्ग है। इसी मार्ग पर मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनि आश्रम, सिद्धवट और अंगारेश्वर महादेव मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाहर से आने वाले दर्शनार्थी भी पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन वाहनों के खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो रहा है।




सांदीपनि आश्रम के सामने वाहनों के लिए कोई व्यवस्थित पार्किंग नहीं होने के कारण लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा, ऑटो और मैजिक भी सवारियों के इंतजार में सड़क घेरकर खड़े रहते हैं। इससे अन्य वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती और कई बार लंबा जाम लग जाता है।

### यातायात प्रबंधन की जरूरत

सांदीपनि आश्रम के बाहर नियमित यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था के अभाव के कारण स्थिति लगातार बिगड़ रही है। यदि यहां निर्धारित पार्किंग स्थल विकसित किया जाए और सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, तो यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हो सकता है।

### श्रद्धालुओं को उठानी पड़ रही परेशानी

मंगलनाथ मार्ग पर पूरे दिन वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सांदीपनि आश्रम के सामने जाम और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण वाहन निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। नागरिकों का मानना है कि इस मार्ग पर सुचारु यातायात बनाए रखने के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 21 जुलाई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने निर्वाचन संबंधी कार्यों निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्ति किए हैं। इस संबंध में इसी अनुक्रम में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। देपालपुर के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी देपालपुर श्री चरणजीत सिंह हुडा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन्दौर-4 के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी खुड़ेल राहुल गुप्ता, राऊ के लिए संयुक्त कलेक्टर राऊ लोकेन्द्र सिंह सरल एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-211 सांवेर (अ.जा.) हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी सांवेर हरिशंकर विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया है।

### 292 करोड़ के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति कार्य प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े ने संभागायुक्त कार्यालय में शिक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के साथ समीक्षा की। इसमें उन्होंने स्कूल शिक्षा सहित जनजाति कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा सहित श्रम विभाग अंतर्गत संचालित आवासीय शिक्षा के संबंध में नवीन शिक्षा सत्र में पंजीकृत विद्यार्थियों सहित उन्हें सायकिल वितरण के अलावा इससे जुड़े अहम बिंदुओं पर समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) श्रीमती शिवानी वर्मा, जनजाति कार्य विभाग उपायुक्त श्री गणेश भाभर, कौशल विकास विभाग संयुक्त संचालक श्री निखिल सिंघल, उच्च शिक्षा विभाग अपर संचालक डॉ. किरणबाला सलूजा सहित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनजाति कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि धरती आबा योजनांतर्गत शिक्षा सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति हुई है।

### मुख्यमंत्री ने ली गुरु पूर्णिमा आयोजन की तैयारियों की बैठक

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरुजन सदैव पूजनीय है, वंदनीय हैं। गुरु ही हमें 'गु' (अज्ञान के अंधकार) से 'रु' (ज्ञान-विज्ञान की रश्मि/प्रकाश) की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा अपने गुरुजनों की सेवा, वंदना और उनका शुभाशीष पाने का प्रमुख उत्सव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए पुरातन भारतीय ज्ञान परम्परा तथा भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा के आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाली गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशव्यापी 'महर्षि सांदीपनि श्रृद्धा पर्व' का आयोजन किया जाये। इसमें स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थानों तथा संगीत एवं अन्य कला संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये।

### नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी में निदेर्शानुसार - आबकारी विभाग इंदौर द्वारा ₹नशा मुक्त भारत अभियान 2.0₹ के अंतर्गत राजीव गांधी चौराहा स्थित आकार आईएएस एकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अकादमी के फैकल्टी सदस्य, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थी उपस्थित रहे। सहायक जिला आबकारी अधिकारी कमलेश सोलंकी ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनका भविष्य उनके सही निर्णयों पर निर्भर करता है। नशा व्यक्ति के सपनों, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व तथा सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आत्मानुशासन, सकारात्मक सोच एवं नशामुक्त जीवनशैली सफलता की पहली शर्त है। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों से अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने तथा स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। आबकारी उप निरीक्षक आशीष जैन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं का सबसे बड़ा नशा उनका लक्ष्य होना चाहिए, न कि कोई मादक पदार्थ।

### आयुष्मान भारत योजना में मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान

**इंदौर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को बेस्ट परफार्मिंग लार्ज स्टेट हाइयेस्ट प्री-ऑथोराइजेशंस विथ बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान योजना के अंतर्गत बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन प्रक्रिया के प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के बड़े राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुशासन और जनहितकारी कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### सफलता कोई लक्ष्य नहीं,बल्कि एक यात्रा है

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि ब्रेकिंग न्यूज के पीछे एक पत्रकार का बड़ा संघर्ष होता है। पत्रकार का पेशा बड़ा कठिन है वह दिन- रात परिश्रम करता है, फिर चाहे मौसम कैसा भी हो। उन्होंने एक कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि सफलता कोई लक्ष्य नहीं है एक यात्रा है और इसके बाद एक नई यात्रा की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि सफलता मिलने का समय निश्चित नहीं होता, वह कभी भी प्राप्त हो सकती है, हमेशा उसे पाने के लिए तैयार रहे। संभागायुक्त डॉ. खाडे आज इंदौर प्रेस क्लब द्वारा माथुर सभागृह में आयोजित काबिलियत को सलाम कार्यक्रम में अपना संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम मे पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, शिक्षाविद् सिद्धांत जोशी, सुश्री शोभा पैठनकर , प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पत्रकारों के ऐसे 100 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्कूली शिक्षा की वार्षिक परीक्षाओ में 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए।

---

इंदौर में स्कूल बसों पर पुलिस बड़ा एक्शन, 1126 की जांच

## 10 दिन के अभियान में 163 बसों पर कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर इंदौर में बड़ा अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से 10 दिनों तक विशेष जांच अभियान चलाकर स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था, दस्तावेज और तकनीकी मानकों की जांच की। इस दौरान 1,126 स्कूल बसों की जांच की गई, जिनमें से 163 बसों में सुरक्षा मानकों और जरूरी दस्तावेजों में कमी मिलने पर कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### पुराने हादसों से मिला सबक

इंदौर में पहले भी स्कूल बसों से जुड़े कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की बस का कनाड़िया बायपास पर हुआ दर्दनाक हादसा सबसे चर्चित रहा। उस दुर्घटना में बस और ट्रक की भीषण टक्कर हुई थी। जांच में सामने आया था कि बस का स्टीयरिंग फेल हो गया था और स्पीड गवर्नर भी काम नहीं कर रहा था। हादसे में कई स्कूली बच्चों और बस चालक की मौत हो गई थी। इसके अलावा शहर के कई अंदरूनी और बायपास मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्य और ट्रैफिक जाम के कारण स्कूल बसों की सुरक्षा और भी संवेदनशील हो गई है। ऐसे में तकनीकी खराबी या तेज रफ्तार किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यही वजह है कि प्रशासन स्कूल बसों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है।

### इन सुरक्षा मानकों की हुई जांच

एडिशनल डीसीपी (पश्चिम) संतोष कुमार कौल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन कराना है। जांच के दौरान बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस, स्पीड गवर्नर और इमरजेंसी एग्जिट की उपलब्धता और उनकी कार्यशील स्थिति की जांच की गई। इसके साथ ही फर्स्ट एड बॉक्स, वाहन का परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा और चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता भी परखी गई।

इंदौर में यह संयुक्त विशेष जांच अभियान 8 जुलाई से 17 जुलाई तक चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की टीमों ने शहर की सड़कों के साथ-साथ स्कूल परिसरों में पहुंचकर स्कूल बसों की जांच की। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चों को ले जाने वाले सभी वाहन सुरक्षा के तय मानकों का पालन करें।

## लापरवाही पर दो परियोजना अधिकारियों को शोकॉज नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में कुपोषण की रोकथाम एवं सुपोषण को बढ़ावा देने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की आज समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राज्य शासन द्वारा संचालित सभी पोषण संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न रहे।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंह सहित सहायक संचालक, परियोजना अधिकारी तथा ब्लॉक कॉर्डिनेटर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि यदि कहीं भी कुपोषित बच्चे चिन्हित होते हैं तो उनके लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में कुपोषण की रोकथाम, आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे नाश्ता एवं भोजन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा आधार आईडी सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की नियमित निगरानी की जाए।

---

सिंहस्थ से पहले कैसे बनेगा एयरपोर्ट

## 590 करोड़ का बजट, मगर काम नहीं हुआ शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन एयरपोर्ट का काम अभी धरातल पर शुरू नहीं हो सकता है। घोषणा, बजट, टेंडर के बाद भी यहां रनवे या टर्मिनल निर्माण के लिए जमीन पर एक ईंट न रखी जा सकी है। भूमि अधिग्रहण अधूरा है, कायार्देश बाकी है और भूमिपूजन की तारीख भी तय नहीं हुई है। परिणाम स्वरूप सिंहस्थ-2028 से पहले एयरपोर्ट शुरू करने के दावे के बीच अब सबसे बड़ी चुनौती समय बनता जा रहा है।

उज्जैन एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि सिंहस्थ-2028 की सबसे महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं में शामिल है। सरकार का उद्देश्य करोड़ों श्रद्धालुओं को सीधे उज्जैन तक हवाई सुविधा उपलब्ध कराना है। इसी सोच के तहत प्रदेश मंत्रिमंडल ने महीनों पहले 590 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने परियोजना को दो चरणों में आगे बढ़ाया।

पहले चरण में 147 करोड़ 36 लाख रुपये से वर्तमान दताना-मताना हवाई पट्टी का पूरी तरह कायाकल्प करने को मौजूदा पुराने और कमजोर पेवमेंट को हटाकर नया रनवे- 13/13 बनाया जाना तय किया। इसके लिए 20 जनवरी 2026 को ठेकेदार तय करने को प्रक्रिया शुरू की। तय किया कि ठेकेदार 1800 मीटर लंबा रनवे बनाएगा, जिस पर एटीआर-72 जैसे व्यावसायिक विमान उतर सकेंगे।

सुरक्षा के लिहाज से 7.8 किलोमीटर लंबी आपरेशनल बाउंड्रीवाल बनाएगा। इसमें सुरक्षा के लिए कंक्रीटिना काइल और कटीले तार लगाएगा। विमानों के खड़े होने और मुड़ने के लिए लिंक टैक्सी-वे, एप्रन और आइसोलेशन-वे का निर्माण करेगा। एयरपोर्ट के अंदरूनी हिस्से में पेरिफरल रोड बनाएगा।

ये काम एक वर्ष की निश्चित समय सीमा में होगा ताकि सिंहस्थ से पहले ट्रायल लैंडिंग सुनिश्चित हो सके। ये काम करने के लिए डीआरए इंफ्राकॉन, रवि इन्फ्राबिल्ड, गावर कंस्ट्रक्शन और अशोका बिल्डकान सहित छह बड़ी कंपनियों ने निविदाएं जमा की हैं। टेंडर निकले करीब दो महीने हो चुके हैं, लेकिन तकनीकी और वित्तीय परीक्षण के बाद भी अब तक किसी कंपनी को वर्क आर्डर जारी नहीं हुआ है।

दो महीने पहले दूसरे चरण में 125 करोड़ रुपये से अंतरराष्ट्रीय स्तर का डोमेस्टिक टर्मिनल भवन बनान तय किया। इसके लिए निविदा जारी की। तय किया कि परियोजना अंतर्गत 107 करोड़ रुपये निर्माण कार्यों पर और 17.44 करोड़ रुपये अगले दस वर्षों के रखरखाव पर खर्च किए जाएंगे। 15 महीने की समय सीमा में यहां एक भव्य डोमेस्टिक टर्मिनल बिल्डिंग के साथ नया एटीसी टावर, तकनीकी ब्लाक और अत्याधुनिक फायर स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट पर उन्नत आईटी और सुरक्षा सिस्टम के साथ-साथ शानदार पार्किंग और एप्रोच रोड विकसित की जाएगी।

## एमआईजी थाने के गेट पर हाईवोल्टेज ड्रामा, शिकायत लेकर पहुंचे दो पक्ष आपस में भिड़े

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के एमआईजी थाना परिसर के बाहर उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब शिकायत दर्ज कराने पहुंचे दो पक्ष अचानक आमने-सामने आ गए। पहले दोनों के बीच तीखी कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चलने लगे।

थाने के मुख्य गेट के सामने हुई इस मारपीट से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा सुनकर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए, जिससे कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ। थाने के बाहर हुए इस हंगामे ने आसपास मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

सूचना मिलते ही एमआईजी थाने के पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद सभी संबंधित लोगों को थाने के भीतर ले जाकर पूछताछ की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष किसी पुराने विवाद को लेकर अलग-अलग शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। इसी दौरान आमना-सामना होने पर कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही मिनटों में मारपीट में बदल गई।

---

पुलिस दस्तावेजों, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों का परीक्षण कर रही

## करोड़ों की जमीन विवाद मामले की जांच, उज्जैन के खंडेलवाल से पूछताछ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये की जमीन पर कथित कब्जे और पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में जांच लगातार आगे बढ़ रही है। पुलिस ने अब जांच का दायरा बढ़ाते हुए उज्जैन निवासी एक खंडेलवाल को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की बारीकी से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। पुलिस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन जांच अभी जारी है। इसी क्रम में उज्जैन निवासी खंडेलवाल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूछताछ जांच प्रक्रिया का हिस्सा है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस दस्तावेजों, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों का परीक्षण कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का दावा है कि निष्पक्ष जांच के जरिए पूरे मामले की सच्चाई सामने लाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इंदौर में संपन्न हुई सर्वजातीय महासंघ की अहम बैठक

## दिगंबर जैन समाज की 84 जातियों को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक संकल्प

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भारतवर्षीय दिगंबर जैन सर्वजातीय महासंघ, इंदौर की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बैठक रविवार, १९ जुलाई २०२६ को श्री हसमुख जैन गांधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस विशेष बैठक का मुख्य उद्देश्य दिगंबर जैन समाज की सभी विभिन्न जातियों के सदस्यों को एक साझा मंच प्रदान करना, आपसी परिचय बढ़ाना और समाज के सामूहिक मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करना रहा।

मंच पर मुख्य रूप से शेखर छाबड़ा खंडेलवाल समाज, निमिष जैन पौडवाल समाज, डी. के. जैन (डीएसपी) गोलापुर्व समाज, अरविंद बंडी हुम्मड़ एवं जैनेंद्र सावला बघेरवाल समाज मंचासीन रहे। अनेक समाज के अध्यक्ष या प्रमुख जिसमें मुकेश कुमार जैन अग्रवाल समाज महासंघ,आशीष जैन जैसवाल समाज, राजेन्द्र जैन गोलालारिया समाज , ऋषभ जैन जैसवाल उपरोचियाँ समाज, नवीन जैन खरोंआ समाज,सुधीर सिंघई लामेंचु समाज, विजय ओरा नरसिंहपुरा समाज,सुधीर जैन पद्मावती पोरवाल समाज, राजीव जैन पल्लीवाल महासभा, डॉ उदय जैन तारण तरन समाज,सुनील जैन सेतवाल समाज उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए महासंघ के अध्यक्ष श्री हसमुख जैन गांधी ने बताया कि दिगंबर जैन समाज में कुल ८४ जातियां सम्मिलित हैं। समाज को एकजुट करने के इस अभियान के तहत पूर्व में सिद्धवरकूट में ४५ जातियों का सफल सम्मेलन आयोजित किया जा चुका है, वहीं अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में २४ जातियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने सहभागिता की थी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज इंदौर में २२ जातियों के प्रमुखों की बैठक आमंत्रित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में राष्ट्रीय स्तर का एक विशाल और भव्य महासम्मेलन इंदौर या अयोध्या में आयोजित किया जाएगा। बैठक में आगामी वर्ष 2027 में होने वाली राष्ट्रीय जनगणना को लेकर भी एक बड़ा फैसला लिया गया। महासंघ ने तय किया कि सभी जातियां अपने-अपने स्तर पर स्व-जनगणना (जातिगत जनगणना) का कार्य करेंगी। इसके साथ ही जैन समाज की जनसंख्या की सही तस्वीर सामने लाने के लिए यह विशेष रूप से आह्वान किया गया।

---

200 करोड़ की जमीन का खेल!

## फर्जी आदेश के दम पर मिली मंजूरी, कलेक्टर ने रद्द किया पुरा प्रोजेक्ट

### रेरा मंजूरी मिलने के बाद इस कॉलोनी में 271 प्लॉटों की करोड़ों रुपये की बुकिंग और बिक्री

**जांच में आदेश का कोई रिकॉर्ड ही नहीं मिला**

**पूरे मामले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए प्रशासन को गुमराह करने और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लग रहे**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

### रेरा मिली... प्लॉट बिके... अब खरीदार फंसे

रेरा मंजूरी मिलने के बाद इस कॉलोनी में 271 प्लॉटों की करोड़ों रुपये की बुकिंग और बिक्री हो चुकी है। अब मंजूरी रद्द होने से सबसे ज्यादा चिंता उन खरीदारों की है जिन्होंने अपनी जीवनभर की कमाई लगाकर प्लॉट खरीदे। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या अब रेरा की मंजूरी भी रद्द होगी और प्रोजेक्ट की खरीद-बिक्री पर रोक लगेगी? पूरे मामले में टीएंडसीपी के पूर्व सहायक संचालक डी.एल. गोयल का नाम भी चर्चा में है। उनकी पत्नी मनोरमा गोयल प्रोजेक्ट से जुड़ी डेवलपर कंपनी में सबसे बड़ी हिस्सेदार बताई जा रही हैं। इससे मंजूरी प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### 420 का मामला?

फर्जी आदेश के जरिए प्रशासन को गुमराह कर सीलिंग जमीन पर कॉलोनी की मंजूरी हासिल की गई। अब नीलेश चौधरी, उनके परिवार और डेवलपर कंपनी से जुड़े लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग उठ रही है। साथ ही पुराने राजस्व रिकॉर्ड में कथित गड़बड़ी करने वालों की भूमिका की भी जांच की मांग तेज हो गई है। अब इस पूरे मामले ने इंदौर की रियल एस्टेट और प्रशासनिक व्यवस्था पर कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे अहम सवाल यही है कि अगर आदेश था ही नहीं, तो आखिर करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी किस आधार पर मिल गई?



राऊ के पूर्व विधायक जीतू जिराती के करीबी माने जाने वाले बीजेपी नेता और पूर्व पार्षद पति नीलेश चौधरी से जुड़ा करोड़ों रुपये का जमीन घोटाला सामने आया है। हातोद के सोनगीर गांव में करीब 17 हेक्टेयर (लगभग 200 करोड़ रुपये कीमत) की कथित सीलिंग जमीन पर विकसित किए जा रहे 'स्वास्तिक ग्रांड' प्रोजेक्ट की विकास मंजूरी जिला प्रशासन ने जांच के बाद रद्द कर दी है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस जमीन को सीलिंग मुक्त बताकर कॉलोनी की मंजूरी ली गई, जांच में उसी आदेश का कोई रिकॉर्ड ही नहीं मिला। अब पूरे मामले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए प्रशासन को गुमराह करने और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लग रहे हैं।

बताया जा रहा है कि जनवरी 2025 में कॉलोनी की विकास मंजूरी लेने के दौरान वर्ष 2010-11 का एक कथित आदेश लगाया गया, जिसमें जमीन को सीलिंग मुक्त बताया गया। इसी आधार पर कॉलोनी सेल ने मंजूरी दे दी और बाद में जून 2025 में रेरा की स्वीकृति भी मिल गई। लेकिन दूसरे बिल्डर द्वारा आपत्ति उठाने पर जब रिकॉर्ड खंगाले गए तो पता चला कि जिस आदेश का हवाला दिया गया था, उसका मूल रिकॉर्ड ही मौजूद नहीं है। एसडीएम स्तर की जांच में भी कथित आदेश नहीं मिला और चौधरी परिवार भी उसकी प्रति पेश नहीं कर सका। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए विकास मंजूरी निरस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य ने आधिकारिक रूप से स्वास्तिक ग्रांड की विकास मंजूरी रद्द कर दी।

# योग का असली अर्थ



दुनिया भर में योग इतना लोकप्रिय इसलिए है, क्योंकि यह सेहत के लिए एक आसान तरीका बताता है, जो आधुनिक जीवन के तनाव को दूर करने और सांस लेने की तकनीक का एक अनोखा मेल है। हालांकि, योग इतना भर नहीं है। योग एक विशाल सोपान है, जिसके आठ अंग हैं। हर अंग व्यक्ति को क्रमशः उच्चतर मानसिक स्थिति में ले आता है और अंततः मन के पार भी ले जाता है। योग-आसन उन आठ अंगों में से केवल एक अंग है, एक सीढ़ी है, जो शरीर को तैयार करता है, समाधि का अनुभव करने के लिए। ओशो ने कई बार योग-आसनों पर भाष्य किया है और हमें सावधान किया है कि असली आसन जो हैं, वे देह की कुछ अनोखी स्थितियां हैं। हमें ख्याल नहीं है कि हमारी शारीरिक स्थितियां हमारे चित्त से बंधी हुई हैं। एक आदमी चिंतित होता है और सिर खुजाने लगता है। कोई पूछे कि चिंता से सिर खुजाने का क्या संबंध है? अगर आप उसका हाथ पकड़ लें, तो आप पाएंगे कि वह चिंतित नहीं हो सकता, क्योंकि चिंता के लिए जरूरी है कि उसके हाथ की मांसपेशियां एक खास जगह पहुंचें, उंगलियां इस स्थान को छुएं। अब इसी तरह की सारी मुद्राएं और आसन हैं। मन में चलने वाला भाव शरीर पर प्रगट होता है, लेकिन इसके लिए शरीर का बड़ा स्निग्ध होना जरूरी है। आसन शुरू करने से पहले खाने-पीने पर संयम जरूरी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आसनों का अभ्यास नहीं किया जा सकता, वह उल्टी प्रक्रिया होगी। भीतर ऐसी भावदशा बनानी है, जो अंगों को एक खास मुद्रा में ले जाए। आसन अपने आप होने चाहिए, जबर्दस्ती हाथ-पैर मोड़कर करने से व्यायाम तो हो सकता है, योग-आसन नहीं। पतंजलि ने आसन की व्याख्या की है, उसे समझें- स्थिर सुखं आसनं, अर्थात जिससे स्थिर सुख मिले, वह आसन। यह स्थिर सुख किसलिए? ताकि आप लंबे समय तक बैठकर समाधि की उच्चतर अवस्थाओं का अनुभव कर सकें। अजीब जमाना आ गया, लोग थोड़ी देर चुपचाप बैठ भी नहीं सकते! आज जिसे योग कहते हैं, वह शरीर से इतना बंध गया है कि आगे की उसकी सीढ़ियां लुप्त हो गई हैं। आसन तो बुनियाद है, उसके ऊपर जो महल बनाना है, वह कहां है? वह तो गायब है। न तो उसे जानने वाले लोग हैं और न जीने वाले। योग का असली अर्थ खो गया है, इसलिए आधुनिक योग मनुष्य के गहरे तलों को नहीं छू पाता। मन की कुंठाओं और भावनाओं के लिए वहां कोई उपाय नहीं है। योग का उद्देश्य है, चित्त वृत्ति का निरोध, यानी चित्त की लहरों का थम जाना; शरीर महज उसका साधन है। उस पर रुकना नहीं है, यात्रा बड़ी लंबी है। अभी तो यह हाल है कि आपने एक शानदार कार ली, उसे चमकाया, लेकिन जाना कहां है, यही पता नहीं।



सम्पादकीय

## वैज्ञानिकों को बधाई

एक ऐसे समय में, जब अनेक वैज्ञानिकों के इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) छोड़ने की खबरें सुर्खियां बटोरने लगी थीं, देश में निजी क्षेत्र द्वारा विकसित आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का सफल प्रक्षेपण एक आह्लादकारी सूचना है। शनिवार 18 जुलाई को आंध्र के श्रीहरिकोटा लॉन्च पैड से इसे छोड़ा गया और इसने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया। एक ऐसा कीर्तिमान, जो हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रमों की उन्नति, हमारे वैज्ञानिकों की बेजोड़ काबिलियत और निजी क्षेत्र की अपार संभावनाओं से जुड़ा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश बन गया है, जिसके निजी क्षेत्र ने अंतरिक्ष की दुनिया में सफलतापूर्वक कदम रख दिया है। विक्रम-1 को विकसित करने वाली निजी कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर इस रॉकेट का नामकरण करके न सिर्फ उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है, बल्कि हमारे औद्योगिक घरानों को भी यह पैगाम दिया है कि कारोबार करते हुए भी अपने देश की समृद्ध विरासत का सम्मान किया जाना चाहिए। गौर कीजिए, अप्रैल 1975 में, जब भारत ने अपना पहला उपग्रह अंतरिक्ष में छोड़ा था, तब उसका नामकरण महान खगोल विज्ञानी आर्यभट्ट के नाम पर किया गया था।

विक्रम-1 की सफलता विज्ञान में अभिरुचि रखने वाले भारतीयों के लिए एक आह्वान है- सेनानी, करो प्रयाण अभय... सारा आकाश तुम्हारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही इसे रेखांकित करते हुए कहा है कि यह उपलब्धि अनगिनत युवाओं को बड़े सपने देखने और नवाचार करने को प्रेरित करेगी। दिलचस्प यह है कि आज से आठ साल पहले इसरो के दो पूर्व वैज्ञानिकों पवन चंदाना और नागा भरत डाका ने स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की शुरूआत की थी और एक दशक से भी कम समय में उन्होंने यह कमाल कर दिया। इस कामयाबी का एक सुखद पहलू यह है कि अब ऐसे नवाचारों में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ेगी और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रयोग के पर्याप्त अवसर मिल सकेंगे। स्काईरूट को शुरूआत में निवेश के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन अब वह अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की पहली यूनिकॉर्न कंपनी बन चुकी है। विक्रम-1 रॉकेट 350 किलोग्राम वजन तक के उपग्रह को अंतरिक्ष की निचली कक्षा में ले जाने में समर्थ है।

स्वतंत्रता का शंखनाद

# बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी

रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं, जिसमें बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोशित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का आपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे है। हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाक सेना ने बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़को के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। पाक सेना का यह भी आरोप है कि अफगानिस्तान बीएलए को

विद्रोही बलूचों ने करीब 85 प्रतिशत बलूचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलूच कार्यकताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाक आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चचाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यस्था की रीढ़ हैं। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलूचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाक के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलूच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलूचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं।

प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलूच को बलूच के लोगों के अधिकारों की वकालात के लिए जाने जाते हैं। बलूचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलूच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। यदि बलूच स्वतंत्र देश बन जाता है तो भारत-पाक युद्ध के बीच 1971 की तरह एक युगांतरकारी घटना देखने को मिलेगी, जिसमें बलूचों द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव में भारत भी भागीदार हो सकता है। बलूचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलूचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं।

बलूचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद कर किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के बाद बलूच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्श विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफ के संकेत पर साल 2000 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलूच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए। साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलूचिस्तान के सरकारी प्रतिश्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई।

बीएलए बलूचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बंटवारें के समय बलूचिस्तान को बलूचों की इच्छा के बिना बंदूक की जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे। अतएव पाक की स्वतंत्रता के समय से ही बलूचों का संघर्श पाक सरकार और सेना से निरंतर बना हुआ है। बीएलए जब साल 2000 में वजूद में आया था तब इसके लड़ाकों की संख्या 6000 से भी ज्यादा थी। जिसमें करीब 150 आत्मघाती दस्ते शामिल थे। सरदार अकबर खान बुगती एक समय बलूचिस्तान के सर्वमान्य नेता रहे हैं। इसीलिए वे बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री भी रहे थे। 26 अगस्त 2006 को पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने उनकी हत्या कर दी थी। तभी से यह संगठन पाक सेना से लोहा ले रहा है। वर्तमान में बलूच अलगाववादी और तालिबान के बीच निरंतर निकटता बढ़ रही है। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। पाक सरकार ने भी स्वीकार किया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ही बलूच लड़ाकों को प्रशिक्षित कर रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी बीएलए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। इस सच्चाई को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकारा है।

पाक की आजादी के साथ बलूचिस्तान का मुद्दा जुड़ा है। पाक की कुल भूमि का 43.6 फीसदी हिस्सा केवल बलूचिस्तान का है। लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, पाक की कुल आबादी में इनकी छह प्रतिशत की भागीदारी है। इसका कुल क्षेत्रफल 3,47,190 वर्ग किमी है। यहां हिंदु, सिख और ईसाई भी रहते हैं। इनमें आपस में खूब भाईचारा है। भगवान शिव की पत्नी सती का हिंगलाज मंदिर इसी बलूच क्षेत्र में आता है।

## परम मोक्ष का पासवर्ड

मोहन जी के जीवन का इकलौता लक्ष्य था, मोक्ष। वैसे मोक्ष का मतलब उन्होंने 'सरकारी नौकरी से रिटायरमेंट' ही समझ रखा था, लेकिन अड़तालीस साल की उम्र में जब उनके दाएँ हाथ की उंगली पर एक काला तिल निकला, तो उन्होंने उसे कैंसर मान लिया। मोहन जी छोटी-सी बात को सीधे ब्रह्मांडीय त्रासदी बना देते थे। उन्होंने तुरंत तय किया कि वह परम शांति की खोज में हिमालय जाएँगे।

मोहन जी ने एक चमकीला संन्यासी कुर्ता खरीदा, एक पीतल का लोटा लिया और अपनी बीवी से बोले, सुषमा, माया का धागा टूट चुका है। मैं जा रहा हूँ। सुषमा ने कढ़ाई में पूड़ियाँ तलते हुए बिना मुड़े कहा, रास्ते में बिजली का बिल जमा कर देना, आखरी तारीक है।

मोक्ष की राह में पहला रोमांच यही था कि उन्हें बिजली ऑफिस की लाइन में लगना पड़ा। वहाँ एसी बंद था, पसीने की बूंदें उनकी पीठ पर रेंग रही थीं। अचानक, उनके पीछे खड़े एक रहस्यमयी, जटाधारी बाबा ने उनके कान में फुसफुसाया, बच्चा, तुम जिस मोक्ष को खोज रहे हो, वह इस लाइन के पार है। मोहन जी के रोंगटे खड़े हो गए। बाबा की आँखों में एक अजीब-सी चमक थी।

क्या सचमुच बाबा? मोहन जी की आवाज काँप उठी।

हाँ, काउंटर नंबर चार पर जाओ। वहाँ 'काल-भैरव' बैठे हैं। उन्हें यह कोड वर्ड बोलना, फॉर्म 16-बी।

मोहन जी का दिल धक-धक करने लगा। यह कोई मामूली साधना नहीं थी। वह रेंगते हुए काउंटर चार पर पहुँचे। वहाँ एक कड़क चश्मे वाले क्लर्क ने उन्हें घूरा, जैसे वह कोई यमराज का पीए हो। मोहन जी ने थरथराते होंठों से कहा, फॉर्म 16-बी... क्लर्क ने एक पीला, धूल से सना कागज निकाला और कहा, इस पर दस्तखत करो और अपनी तीन पीढ़ियों का आधार कार्ड लगाओ।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 जुलाई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:57 सूर्यास्त 19:10
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - अष्टमी 05:17 उपरांत नवमी
नक्षत्र - चित्रा 20:49 उपरांत स्वाति
योग - सिद्ध 18:24 उपरांत साध्य
करण - विष्टि
चन्द्रमा - कन्या में है। 07: 54 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 06 तारिख

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

**मिथुन-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**तुला-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी।

**धनु-** भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**मकर-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी।

**कुंभ-** कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मीन-** किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

व्यंग्य

## आर्थिक समृद्धि के साथ समाप्त होती सामाजिक संवेदनाएँ



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

विकास का सामान्य अर्थ आर्थिक समृद्धि, आधुनिक सुविधाओं और उच्च जीवन-स्तर से लगाया जाता है। निस्संदेह पिछले कुछ दशकों में भारत सहित विश्व के अनेक देशों ने आर्थिक प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। आय बढ़ी है, उपभोग बढ़ा है, तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता पहले की अपेक्षा कहीं अधिक हुई है। किंतु एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने खड़ा है—क्या इस आर्थिक समृद्धि के साथ हमारी सामाजिक संवेदनाएँ भी विकसित हुई हैं, या वे निरंतर क्षीण होती जा रही हैं?

आज महानगरों की ऊँची-ऊँची इमारतों में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों तक को नहीं जानते। संयुक्त परिवारों का स्थान एकल परिवारों ने ले लिया है और परिवार के भीतर भी संवाद का स्थान मोबाइल स्क्रीन ने ले लिया है। जीवन में सुविधाएँ बढ़ी हैं, पर आत्मीयता घटती गई है। आर्थिक सफलता की अंधी दौड़ में मनुष्य इतना व्यस्त हो गया है कि उसके पास अपने माता-पिता, बच्चों, पड़ोसियों और मित्रों के लिए भी समय नहीं बचा।


उपभोक्तावादी संस्कृति ने मनुष्य के मूल्यांकन का आधार उसके चरित्र, व्यवहार और संवेदनशीलता के स्थान पर उसकी आय, संपत्ति और सामाजिक प्रतिष्ठा को बना दिया है। परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा, स्वार्थ और व्यक्तिवाद का विस्तार हुआ है। समाज में सहयोग की भावना कमजोर हुई है और रिश्ते भी उपयोगितावादी होते जा रहे हैं। यही कारण है कि भौतिक समृद्धि के बावजूद अकेलापन, अवसाद, तनाव और पारिवारिक विघटन जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं।

भारतीय संस्कृति का मूल आधार केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों की गरिमा रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः और परहित सरिस धरम नहिं भाई जैसे आदर्श हमें बताते हैं कि समाज की वास्तविक समृद्धि धन से नहीं, बल्कि संवेदनशील नागरिकों से होती है। यदि आर्थिक विकास के साथ करुणा, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास न हो, तो वह विकास अंततः समाज को भीतर से खोखला कर देता है।

आज आवश्यकता केवल सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने की नहीं, बल्कि सामाजिक पूँजी को भी सुदृढ़ बनाने की है। परिवारों में संवाद बढ़ाना होगा, बुजुर्गों के प्रति सम्मान, बच्चों के प्रति स्नेह और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदना को पुनर्जीवित करना होगा। शिक्षा व्यवस्था को भी केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के संवाहक के रूप में कार्य करना होगा। सेवा, सहयोग, स्वयंसेवा और सामाजिक सहभागिता को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना समय की मांग है।

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि उसके बैंक खातों, शेयर बाजारों या ऊँची इमारतों से नहीं मापी जाती; वह उसके नागरिकों की संवेदनशीलता, सामाजिक विश्वास और पारस्परिक सहयोग से निर्धारित होती है। यदि आर्थिक प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाएँ समाप्त होने लगें, तो ऐसी समृद्धि अंततः सामाजिक दरिद्रता का ही दूसरा नाम बन जाती है। इसलिए समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि विकास की यात्रा में हम अर्थ और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन बनाए रखें। यही संतुलन भारत की सांस्कृतिक आत्मा की रक्षा करेगा और समाज को वास्तव में समृद्ध बनाएगा।

# किडनी के मरीज आज ही छोड़ दें ये बुरी आदतें, वरना होगा खतरनाक



किडनी हमारे शरीर के सबसे जरूरी हिस्सों में से है। ये यूरीन के जरिए शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर करने का काम करती है। अच्छी सेहत के लिए किडनी का सेहतमंद होना जरूरी है नहीं पूरे शरीर पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर किडनी में कोई दिक्कत हो तो कुछ बातों का ख्याल रखना जरूरी है, वरना हालत बिगड़ सकती है। आइए जानते हैं कि किडनी को हेल्दी रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### ज्यादा सोना

सेहतमंद रहने के लिए भरपूर नींद जरूरी है, लेकिन किडनी के मरीजों को सुबह ज्यादा देर तक सोना भारी पड़ सकता है। दरअसल ज्यादा देर तक सोने की वजह से ज्यादा यूरीन इकट्ठा हो सकता है जो किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है।

### नमक का ज्यादा सेवन

नमक खाने का स्वाद बढ़ाता है। नमक में सोडियम होता है जो किडनी पर बुरा असर डालता है। अगर आपको किडनी से जुड़ी कोई भी परेशानी है तो नमक का सेवन बहुत कम करना चाहिए। ज्यादा नमक ब्लड प्रेशर को भी बिगाड़ सकता है।

### शराब पीना

अल्कोहॉल की वजह से किडनी पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप शराब पीते हैं और किडनी की बीमारी है तो तुरंत इसे छोड़ देना चाहिए। शराब पीने से किडनी की परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसीलिए शराब छोड़ना जरूरी है।

### पानी की कम मात्रा

किडनी की सफाई के लिए पानी पीना जरूरी है। भरपूर मात्रा में पानी पीने से अपशिष्ट पदार्थ जमा नहीं होते हैं। कम पानी पीने की वजह से वेस्ट मटीरियल किडनी में ही जम जाएंगे और किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### शरीर को एक्टिव न रखना

कुछ लोग बीमारी होने पर बस बैठकर आराम करते रहते हैं। किडनी की परेशानी होने पर शरीर का एक्टिव रहना जरूरी है। अगर आपकी किडनी में कोई दिक्कत है तो हल्का-फुल्क व्यायाम या फिर योग कर सकते हैं।

### हाई पोटैशियम वाली चीजें खाना

किडनी के मरीजों को ज्यादा पोटैशियम वाली चीजें खाने से बचना चाहिए। किडनी की दिक्कत होने पर आलू, शकरकंद जैसी चीजें नहीं खाना चाहिए। केला और एवोकेडो खाना भी किडनी के मरीजों पर भारी पर सकता है, चूंकि इन चीजों में पोटेशियम बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है जो किडनी को डैमेज कर सकता है।

धर्म-आस्था

# धर्म, संस्कृति का महत्व तभी रहेगा जब मनुष्य बचेगा



ऐसी कोई सदी नहीं होगी जब प्रलय और विनाश की भविष्यवाणी न की गई हो। इसमें भविष्य वक्ता के साथ-साथ कथित धर्मगुरु भी आश्चर्यजनक किरदार में होते हैं, जो बीच-बीच में यह दावा करते रहते हैं कि अब बस प्रलय आने ही वाली है। लेकिन इसके साथ ही वे इस बात की गारंटी भी देते हैं कि जो उनकी शरण में होगा, बस वही इस धरती पर बचा रह पाएगा। मतलब वे अपने जिंदा रहने की घोषणा कर रहे होते हैं। यह भविष्यवाणी इस अंदाज में की जाती है, मानो सृष्टि का संचालन वही कर रहे हैं। वे खुद या तो ईश्वर हैं या ईश्वर से उनका सीधे तार जुड़ा हुआ है।

विचार करें कि अगर प्रलय आ गई तो कौन सा धर्म-संप्रदाय बचेगा? जब आदमी ही नहीं बचेगा, तो बाकी क्या रह जाएगा? हैरानी की बात यह है कि इस वैज्ञानिक युग में भी लोग ऐसी बातों पर भरोसा कर लेते हैं। वे इतिहास को टटोलना भूल जाते हैं कि कितनी बार किस-किस ने कब ऐसी भविष्यवाणी की और उसका हश्र क्या हुआ? हम विश्वास करें कि करीब-करीब सभी भविष्यवाणियों का समय बीत चुका है। यदि किसी का समय नहीं बीता है तो वह भी बीत जाएगा। सृष्टि में कोई भी अंतर नहीं पड़ने वाला है। इसकी निरंतरता में कोई बाधा नहीं आने वाली है। हां, आंशिक प्रलय हो सकती है। वह सदा होती आई है, आगे भी होती रहेगी। यह सृष्टि का अपना चक्र है। महाप्रलय जैसी आशंका मात्र कपोल कल्पना होती है। लेकिन हां, मानव-जाति के निरंतर विनाश की आशंका से हम इंकार नहीं कर सकते।

प्रलय और विनाश में एक स्पष्ट अंतर है। प्रलय का सीधा संबंध प्राकृतिक आपदाओं से होता है, जिसे हम प्रकृति की लीला भी कहते हैं। जैसे अभी ठहर-ठहर कर भूकंप आ रहा है। इसके पहले भारत सहित कई देशों में यह भयानक तबाही मचा चुका है। इसी प्रकार समुद्री तूफानों ने तटवर्ती बस्तियों का नुकसान किया है। इसके अलावा बाढ़, महामारी जैसी प्राकृतिक आपदाओं का भी आगमन होता रहता है। इसमें धरती या आकाश के अपने कुछ निश्चित नियम काम करते हैं। यह समझें कि प्रकृति जो तोड़फोड़ करती है, वह सृष्टि का ही एक हिस्सा है। दरअसल प्रलय का संबंध प्रकृति से है जबकि विनाश का संबंध मनुष्य के अपने कर्मों से है। मनुष्य अपनी निरंकुश हरकतों से विनाश को आमंत्रण दे रहा है। विश्व के सभी राष्ट्र शक्ति-संतुलन के नाम पर विनाशकारी शस्त्रों की अंधी दौड़ में शामिल हैं। यह सब राष्ट्रवाद की आड़ में हो रहा है। वहीं, संप्रदायवाद और मजहबी उन्माद से उठने वाली लपटें आदमी को निगल जाने के लिए तैयार हैं।

इसके समानांतर कुछ लोग विकास के नाम पर पशु-जगत, वनस्पति-जगत, नदी-नाले, पर्वत, जंगल आदि प्राकृतिक संपदा को लूटने में लगे हैं। यांत्रिक सभ्यता भी जीवन-धारण के लिए आवश्यक प्राणदायी पर्यावरण पर सीधा प्रहार कर रही है। इसके लिए कोई और नहीं, मनुष्य स्वयं जिम्मेदार है। यह गैर-जिम्मेदारी प्राकृतिक प्रलय से अधिक विनाशकारी रूप धारण कर रही है। आज जितना खतरा अंधविश्वास से है, उतना ही आदमी की निरंकुश सोच से भी है। इसलिए जरूरत है कि हम मनुष्यता के ढर्रे पर चलकर खुद को, समाज को और मानव-जाति को बचाने की चिंता करें। अगर मनुष्य ही नहीं बचा तो शास्त्र, धर्म, मंदिर, मस्जिद, चर्च आदि किस काम के रह जाएंगे?

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,500 रवा- 1,41,200 चांदी- टंच- 2,21,500 पाट- 2,20,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# पेपर लीक और सोनम वांगचुक के समर्थन में आम आदमी पार्टी ने दिया धरना

## सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया गया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़।

देश में लगातार उजागर हो रहे पेपर लीक घोटालों, बदहाल शिक्षा व्यवस्था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठे प्रख्यात शिक्षाविद व पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में आज आम आदमी पार्टी के द्वारा राजगढ़ के खिलचीपुर नाके पर जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी की अध्यक्षता और प्रदेश संयुक्त सचिव प्रवीण सक्सेना की मौजुदगी तथा जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन सिंह तंवर के नेतृत्व में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। इस विरोध-प्रदर्शन की सबसे विशेष बात यह रही कि कार्यकर्ताओं ने तानाशाही रवैया अपना रही केंद्र सरकार की सद्बुद्धि के लिए सड़क पर बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।



### सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना

राजगढ़ नाके पर धरना स्थल पर बैठे सभी कार्यकताओं और युवा साथियों ने एक स्वर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी सरकार को भगवान बजरंगबली सद्बुद्धि प्रदान करें, ताकि वे निहत्थे छात्रों, युवाओं और सोनम वांगचुक जैसे देशभक्तों की आवाज को पुलिस के डंडे से दबाने का प्रयास न करें।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट मांग की कि नीट और अन्य पेपर लीक मामलों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### पुलिसिया कार्रवाई का विरोध

जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे छात्रों और महिला कार्यकताओं को पुलिस द्वारा जबरन हटाने की कड़ी निंदा की गई। जुल्मी जब-जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से, चप्पा-चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से और जब-जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है।

### सोनम वांगचुक के साथ एकजुटता

प्रदर्शनकारियों ने लद्दाख के अधिकारों और देश के पर्यावरण की रक्षा के लिए लड़ रहे सोनम वांगचुक के गिरते स्वास्थ्य पर गहरी चिंता व्यक्त की और नारा दिया सोनम जी का एक ही नारा, शिक्षा अधिकार है हमारा !

धरने के समापन पर आम आदमी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना अड़ियल रवैया नहीं छोड़ा और जंतर-मंतर से होने वाले शांतिपूर्ण संसद मार्च को रोकने की कोशिश की, तो यह आंदोलन देश के हर गांव और मोहल्ले तक फैलेगा।

### कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति

इस उग्र विरोध-प्रदर्शन और हनुमान चालीसा पाठ के दौरान आम आदमी पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशाल सोनी जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम नागर, जिला सचिव बसंत नागर, जिला अध्यक्ष लीगल दौलतराम विजयपुरिया, जिला सचिव दिलीप कुशवाह, जिला संयुक्त सचिव पवन कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष कन्हैयालाल भारतीय, महेश राजपूत, जिला अध्यक्ष झुग्गी प्रकोष्ठ शेख जमीन अहमद, रामनारायण मंडलोई और डॉक्टर विंग जिला अध्यक्ष कमल सिंह धनावत, महेश सिसोदिया, गोकुल यादव, महेंद्र परिहार, भूरू बना, गोविंद परिहार, कालू परिहार, राधेश्याम परिहार, फूल सिंह परिहार, दिनेश गोस्वामी, लखन परिहार, लखन गोस्वामी, गीताराम परिहार , भानु प्रताप सिंह तोमर, रमेश बौद्ध, राजेश, मनीष मालवीय, अनार सिंह, प्रेम नारायण लववंशी, रामनारायण मंडलोई, सुरेश लववंशी, राकेश तंवर, प्रकाश, राधेश्याम , बबलू तंवर, अमरलाल , उमराव सिंह, हेमराज, दिलीप तंवर , कुलदीप सिंह, रामप्रसाद, लाल सिंह तंवर, दिव्यांश आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजुद रहे



## हमेशा अपना वादा पूरा करना अच्छे मुसलमान की पहचान- मौलाना अशरफ

**खाचरौद।** पैगंबर मुहम्मद ने फरमाया कि अच्छे व्यवहार का वजन इबादतों से भी अधिक है। प्रमुख संस्कारों में बड़ों का सम्मान, छोटों पर स्नेह, सच बोलना, जरूरतमंदों की मदद करना और नम्रता से पेश आना शामिल है। यह बात रविवार को हिंदू-मुस्लिम एकता को लेकर दिल्ली से आए इस्लामी स्कॉलर मौलाना मुख्तार अशरफ साहब ने मिशन-ए अहले बेत मजलिस ए शौहदाए कर्बला के अवसर पर प्रेस वार्ता में कहीं। मौलाना ने मुस्लिम समाज को शिक्षित करने और युवाओं को अच्छे संस्कार मैं ढलने की प्रेरणा दी। इन्होंने कहा इस्लाम का अर्थ है, ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण व शांति प्राप्त करना, धर्म हमें सिखाता है, कि ईश्वर (अल्लाह) एक है, उसका कोई साझी नहीं है। मानवता, भाईचारा सभी इंसानों को समान मानना, भूखों को खाना खिलाना, गरीबों की मदद करना और पड़ोसियों व रिश्तेदारों के साथ अच्छा व्यवहार करना।नैतिकता और सच्चाई, ईमानदारी से व्यापार करना, नाप-तौल में कमी न करना, झूठ और धोखे से बचना, बड़ों का सम्मान करना। शांति बनाए रखना व जुल्म का विरोध करना, कमजोरों और यतीमों की रक्षा करना, और जीवन में संयम रखना। हमेशा अपना वादा पूरा करना अच्छे मुसलमान की पहचान है। धैर्य और क्षमा, गुस्से पर काबू पाना और दूसरों की गलतियों को माफ करना सबसे अच्छे गुणों में से एक है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजीज पेंटर, एडवोकेट विजारत अली हाशमी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## बस स्टैंड पर चला नशामुक्ति अभियान वाहन चालकों को किया जागरूक

### लोक परिवहन वाहनों पर लगाए नशामुक्ति पम्पलेट




**सुसनेर।** प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत रविवार को थाना सुसनेर पुलिस ने स्थानीय बस स्टैंड पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने लोक परिवहन से जुड़े बस, ऑटो एवं अन्य वाहनों पर नशामुक्ति संबंधी पम्पलेट चस्पा किए तथा वाहन चालकों, परिचालकों और यात्रियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। विशेष रूप से वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन के लिए भी घातक साबित हो सकता है। सभी से नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा नशे के अवैध कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वाहन चालकों, यात्रियों एवं आम नागरिकों को ‘जिंदगी को हाँ, नशे को ना’ का संकल्प दिलाते हुए नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। थाना सुसनेर पुलिस ने कहा कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास है। जिला पुलिस द्वारा यह अभियान 30 जुलाई तक लगातार चलाया जाएगा, जिसमें विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा।

## नए भवन में मिलेगी एसबीआई की सेवाएं



**सुसनेर।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की सुसनेर शाखा का स्थानांतरण कार्य पूरा कर लिया गया। बैंक का फर्नीचर, रिकॉर्ड, कंप्यूटर सहित अन्य आवश्यक सामग्री नए भवन में व्यवस्थित कर दी गई है। इसके बाद 20 जुलाई से शाखा का नियमित संचालन नए पते से शुरू हो गया। अब तक शुक्रवारिया बाजार में संचालित हो रही एसबीआई शाखा का संचालन नवीन तहसील कार्यालय के सामने, इंदौर-कोटा रोड स्थित नए भवन से किया जाएगा। रविवार को बैंक कर्मचारियों ने पूरे दिन शिफ्टिंग कार्य में जुटकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कीं, ताकि सोमवार से ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शाखा प्रबंधन ने सभी खाताधारकों से बैंकिंग कार्य के लिए नए पते पर पहुंचने की अपील की है। नए परिसर में ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक, व्यवस्थित एवं बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## श्री गोर्वधननाथ गौशाला में समाजसेवियों ने गौवंश को खिलाया हरा चारा



**सुसनेर।** ग्राम पंचायत मोडी स्थिति श्री गौर्वधननाथ गौशाला में सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम बंसिया सहित समाजसेवीयो द्वारा गौवंशौ को हरा चारा खिलाया गया।साथ ही सरपंच प्रतिनिधि बंसिया ने गौशाला स्थिति भुसागृह, गौ शेड, चारागाह जगह का भी निरीक्षण किया।इस अवसर पर दुर्गेश मीणा, लालसिंह भिलाला, अनिल चौधरी, गौशाला संचालक कैलाश चंद्र परमार आदि उपस्थित रहे।

# 151 घरों में गृह-गृह गायत्री यज्ञ सम्पन्न सोनकच्छ में जागी संस्कारों की अलख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा द्वारा ग्राम सोनकच्छ में 151 घरों में गृह-गृह गायत्री यज्ञ का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस पुनीत अभियान में राजगढ़, शाजापुर एवं सीहोर जिले के यज्ञाचार्यों ने सहभागिता करते हुए प्रत्येक घर में पहुँचकर वैदिक विधि से गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात ग्राम डोढ़ी की बहनों द्वारा भावपूर्ण प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक डॉ. ओ. पी. पंवार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक श्यामसुंदर पाटीदार, जिला सह-समन्वयक भारत सिंह राठौड़, नरसिंहगढ़ गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूरज उपाध्याय, शुजालपुर शक्तिपीठ से केवलराम पाटीदार एवं गायत्री परिवार श्यामपुर से रामनारायण लेबे उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में यज्ञ, संस्कार और समाज निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों के मार्गदर्शन के पश्चात ग्राम में जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वृक्षारोपण, व्यसन मुक्ति, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जयघोषों के साथ रैली पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर पहुँची।



## जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमि आवंटन महीनों से अटका- पंवार

**खाचरोद।** मुख्यमंत्री के गृहनगर जिले के खाचरोद में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतु 5 करोड़ से अधिक की राशि 2025 में स्वीकृत हुई है। जिसका भूमि पूजन भी जनवरी 2026 में मुख्यमंत्री से स्थानीय प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा करा लिया गया है। जनपद अध्यक्ष कुंवर पृथ्वीराजसिंह पंवार ने एसडीएम, तहसीलदार, कलेक्टर, आयुक्त पंचायतमंत्री मुख्यमंत्री सबको कई बार अवगत कराने के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन एवं कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत की अपनी स्वयं की भूमि सर्वे क्रमांक 984 पर नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि का आवंटन महीनों से अटका रखा है। पंवार ने बताया कि जनपद का नवीन भवन वर्तमान शासन द्वारा स्वीकृत किया है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी इसी शासन के अभिन्न अंग हैं तो फिर भूमि आवंटन में स्थानीय प्रशासन द्वारा लेट लतीफी क्यों की जा रही है। जनहित का मुद्दा है व्यक्तिगत नहीं है जनपद की अपनी स्वयं की भूमि है पर्याप्त भूमि है सरकार का एजेंडा भी है कि सभी शासकीय कार्यालय एक ही परिसर में हो इतना स्पष्ट होने के बाद भी शासन पर प्रशासन भारी दिखाई दे

## मादक पदार्थों के अवैध कारोबार धड़ल्ले से संचालित

**राजगढ़-ब्यावरा।** देश में महंगाई भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है परंतु केंद्र एवं राज्य सरकारे महंगाई का म बोलने को तैयार नहीं है। देश कर्ज में डूबा हुआ है और अंध भक्त पुनः सत्ता पाने के लिए अभी से साम दाम दंड भेद की नीति अपनाने लगे हैं। अंध भक्तों को यदि छोड़ दिया जाए तो शेष बचे लोगों को मंदिरों के दान-पात्र और वोटिंग मशीन का अंतर समझ में आने लगा है। सरकार की निरंकुश्ता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होने लगा कि मानो देश में लोकतंत्र बचा ही नहीं, लोग अपने मौलिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार में नैतिक जिम्मेदारी नाम की कोई चीज बची ही नहीं है। लाखों छात्रों का भविष्य अब चौपट होता हुआ नजर आने लगा है। अंधों में काना राजा वाली कहावत अब धीरे-धीरे चरितार्थ होने लगी है। देश के भविष्य को लेकर लोगों को चिंता सताने लगी है। लोगों को अब जागरुक होने की आवश्यकता है। राजगढ़ जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकिन जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा। जिनमें करीब 4,700 नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया जा रहा मगर दुर्भाग्य की बात यह है कि जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के द्वारा बस स्टेशन से लेकर रेलवे स्टेशन तक देशी व अंग्रेजी शराब के तकरीबन तीन ठेके खुलवा दिए गए जिनसे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की आय हो रही।

### हरे रामा... हरे कृष्णा..

# श्रद्धालुओं ने खींचा प्रभु जगन्नाथ का रथ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद

इस्कॉन मंदिर उज्जैन के तत्वाधान में खाचरौद नगर में जग के पालनहार भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र व माता सुभद्रा कि विशाल रथ यात्रा नगर में बैंड बाजे, ढोल ढमाके के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से निकली तो स्वर्णकार समाज, आराध्य शक्ति ग्रुप आदिकई व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों ने भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

इस्कॉन मंदिर योगेश शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रेल्वे स्टेशन जय श्री महावीर परिसर से दोपहर 2:30 बजे प्रारंभ हुई। यात्रा में विशाल रथ में विराजित भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र व माता सुभद्रा के रथ को सैकड़ो श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से खींचते और प्रभु जगन्नाथ कि जय बोलते चले। इस दौरान पूरा नगर भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कस्बा स्थित धाकड़ धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में सह अध्यक्ष इस्कॉन मंदिर उज्जैन

धीर गौर प्रभु जी,उज्जैन इस्कॉन नीलकंठेश्वर प्रभु विशेष रूप से उपस्थित थे। कस्बा स्थित धाकड़ धर्मशाला पहुंचकर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र व माता सुभद्रा कि महा आरती समाजसेवी प्रहलाद शर्मा सहित भक्तों ने उतारी। तत्पश्चात सभी भक्तों को भगवान कि महाप्रसादी खिचड़ी का वितरण किया गया। यात्रा का संचालन प्रवीण नायक ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## मंत्री टेटवाल ने विद्यार्थियों को दिया अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने पचोर के शासकीय गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने जल, भूमि एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता एवं पूर्वजों के नाम पर भी कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाएँ और उसकी नियमित देखभाल का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाए। राज्यमंत्री टेटवाल ने विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों से इस अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देने का आह्वान किया।



पेन्शनर्स को राज्य पुनर्गठन के अन्तर्गत

## महंगाई राहत के भुगतान हेतु छग से सहमति की बाध्यता हुई समाप्त

**राजगढ़-ब्यावरा।** विगत कई वर्षों से सतत पत्राचार, ज्ञापन आदि के उपरांत भोपल में वित्त मंत्री जगदीश देवडा के साथ भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर महासंघ की विशेष बैठक में वित्त मंत्री ने धारा 49/6 पर छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति की बाध्यता को समाप्त करने का आश्वासन दिया था। उक्त आश्वासन के परिप्रेक्ष्य में 17 जुलाई 2026 को दोनों राज्यों वित्त विभागो के सक्षम अधिकारियों के हस्ताक्षर वाला उक्त आदेश मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग की ओर से जारी किया गया। उक्त जानकारी जिला संयोजक सेवानिवृत अधिकारी, कर्मचारी एवं पेन्शनर महासंघ बापूलाल सुमन एवं मध्यप्रदेश विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ पेंशनर महासंघ राजगढ़ (ब्यावरा) अशोक कुमार मिश्रा, सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ ने देते हुए बताया कि उक्त आदेश के जारी होने पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा तथा प्रशासन का संगठन की ओर से आभार व्यक्त किया।

## म.प्र. व छग सरकार के बीच धारा 49 समाप्त करने की सहमति का स्वागत

**खाचरोद।** मध्य पदेश के पाँच लाख पैंशनरो को मँहगाई भता देने मे अब सरकार को छत्तीसगढ़ सरकार की सहमती का इँतजार नही करना पडेगा दोनो राज्यो के वित्त सचिवों के सयुंक्त हस्ताक्षर का पत्र गत बुधवार को जारी होगया है । मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरुपनारायण चतुवेर्दी ने सरकार को धन्यवाद देते हुवे माँग की है कि जनवरी 26 से बकाया डी ए मय एरियर के तत्काल देने के आदेश दे

## भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के जयपुर जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजगढ़ और ब्यावरा के बीच स्थित मोहनपुरा पंप हाउस के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया इस सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई बताया जाता है कि एक अज्ञात फोर व्हीलर वाहन ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटर साइकल एमपी 04 क्यू ए 5771 को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भयावह थी कि मोटरसाइकल पर सवार बांसखेड़ी निवासी 30 वर्षीय मांगीलाल पिता रायसिंह तंवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक ब्यावरा से अपने गांव की ओर जा रहा था तभी रास्ते में एक अज्ञात फोर व्हीलर वाहन से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई. पुलिस मौके पर पहुंचकर सड़क दुर्घटना की जांच कर रही।

## वांगचुक के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**राजगढ़-ब्यावरा।** नीट सहित तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधलियों पर रोक लगाने, पेपर लीक के दोषियों पर उचित कार्यवाही करने, एनटीए रद्द करने व वैज्ञानिक सोनम वांगचुक के शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार पचोर को आम नागरिकों,छात्रों द्वारा ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि हाल ही में नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार धांधलियों ने देश के आम छात्रों की मेहनत और उनके भविष्य को बर्बाद करने का काम किया है। आम गरीब छात्र बड़ी मुश्किल से कोचिंग संस्थानों की महंगी फीस भरकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। मां बाप नौकरी की बड़ी उम्मीद से अपने बच्चों को लाखों रुपए खर्च करके पढ़ाते है। ऐसे में पेपर लीक होना और आम छात्रों की नौकरियों को खरीद फरोख्त कर किसी दूसरे को मिल जाना लोकतांत्रिक देश में आम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आज लाखों पद नौकरियों के लिए खाली पड़े है, इन पर भर्ती करने की बजाय सरकार नौकरी देने के नाम पर हर बार करोड़ों रूपए की कमाई कर रही है। एनटीए जैसी प्रतिबंधित एजेंसी से मेडिकल जैसी परीक्षाएं आयोजित कराना देश की चिकित्सा व्यवस्था को खतरे में डालें जैसा है।

### जीत के ढाई साल बाद ही कांग्रेस में बढ़ी तल्खियां...

# ब्लॉक बैठक में विधायक बापू की नाराजगी से गरमाई प्रदेश की सियासत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में लगभग 20 वर्षों बाद सुसनेर विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर कांग्रेस ने भाजपा का मजबूत गढ़ भेदने में सफलता हासिल की थी। उस समय यह माना जा रहा था कि लंबे संघर्ष के बाद मिली जीत से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा वर्षों से चली आ रही गुटबाजी समाप्त हो जाएगी। लेकिन ढाई वर्ष बाद नलखेड़ा में आयोजित कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय बैठक में सामने आए घटनाक्रम ने यह संकेत दे दिया है कि संगठन के भीतर मतभेद अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं।

विधायक भेरो सिंह बापू परिहार की सार्वजनिक नाराजगी ने एक बार फिर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को सुर्खियों में ला दिया है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के नलखेड़ा दौरे के दौरान आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में उस समय माहौल गर्मा गया था जब सुसनेर विधायक भेरो सिंह बापू परिहार मंच से अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए। आरोप है कि उन्हें संबोधित करने से रोक दिया गया। विधायक ने इसे जनप्रतिनिधि के सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए मंच से ही नाराजगी जाहिर की। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कार्यक्रम की पूर्व सूचना तक नहीं दी गई। विधायक ने प्रदेश नेतृत्व पर जनप्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया तथा कहा कि यदि सम्मान नहीं मिलेगा तो उन्हें बड़ा निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके बाद वे अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक से बाहर निकल गए। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह विवाद अचानक पैदा नहीं हुआ है, बल्कि इसकी पृष्ठभूमि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से जुड़ी हुई है। उस समय कांग्रेस में टिकट को लेकर जबरदस्त खींचतान देखने को मिली थी। पार्टी द्वारा भेरो सिंह बापू परिहार को उम्मीदवार बनाए जाने से पहले कांग्रेस के 11 स्थानीय नेताओं ने उनकी दावेदारी का खुलकर विरोध किया था। विरोध करने वालों में तत्कालीन जिला कांग्रेस अध्यक्ष, वर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व विधायक तथा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल थे। सभी नेताओं ने एक मंच पर आकर स्थानीय नेतृत्व के पक्ष में आवाज उठाई थी और बाहरी उम्मीदवार का विरोध करते हुए शपथ ली थी कि यदि स्थानीय नेताओं में से किसी एक को टिकट दिया जाएगा तो सभी मिलकर उसे चुनाव जिताएंगे। हालांकि कांग्रेस हाईकमान ने अंततः भेरो सिंह बापू परिहार को प्रत्याशी घोषित किया। इसके बाद सभी स्थानीय नेताओं ने संगठनात्मक अनुशासन का पालन करते हुए पार्टी के निर्णय को स्वीकार किया और कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। परिणामस्वरूप कांग्रेस लगभग दो दशक बाद सुसनेर विधानसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत को कांग्रेस के लिए बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना गया था। क्योंकि इससे पहले पार्टी लगातार चुनाव हारती आ रही थी।

### पेट्रोल 316.15 और हाई-स्पीड डीजल 354.35 रुपया लीटर

## पाकिस्तान में पेट्रोल 5.44 और डीजल 31.05 रुपया महंगा



**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल के दाम में 5.44 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल में 31.05 रुपया प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 316.15 रुपया और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 354.35 रुपया लीटर हो गई है। नई कीमतें 18 जुलाई से लागू हो गई हैं। इसके अलावा सरकार ने अब पेट्रोल-डीजल की कीमतें साप्ताहिक की जगह रोजाना तय करने का फैसला किया है।


हालिया बढ़ोतरी के बावजूद दोनों ईंधन अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई (पीक लेवल) से नीचे बने हुए हैं। 3 अप्रैल को डीजल की कीमत 520.35 रुपया प्रति लीटर के ऑल-टाइम हाई स्तर पर पहुंच गई थी। ईंधन की कीमतों में यह तेजी 28 फरवरी को अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद देखने को मिली थी, जब डीजल 281 रुपया प्रति लीटर के स्तर पर था। वहीं दूसरी ओर, पेट्रोल की कीमत भी 3 अप्रैल को 458.41 रुपया के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी, जिसकी शुरूआत मार्च के पहले हफ्ते में 266 रुपया प्रति लीटर से हुई थी। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच जंग के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें तेजी से बदल रही हैं। इसे देखते हुए केंद्रीय कैबिनेट और प्रधानमंत्री ने फैसला किया है कि अब ऑयल एंड गैस रेगुलेटरी अथॉरिटी को रोजाना कीमतें तय करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। अपनी वेबसाइट पर रोज सुबह नए रेट जारी करेगी, बल्कि यह भी सार्वजनिक करेगी कि पेट्रोल पंप तक पहुंचते-पहुंचते टैक्स, मार्जिन और अन्य खर्चों की वजह से कीमतें किस तरह तय हुईं। इससे पहले मार्च की शुरूआत से सरकार हर हफ्ते कीमतों की समीक्षा कर रही थी।

# भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च कामयाब स्काईरूट एयरोस्पेस ने खुद बनाकर अंतरिक्ष में भेजा

**एजेंसी ▸▸ हैदराबाद**

हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस ने शनिवार 18 जुलाई को भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 लॉन्च किया। यह टेस्ट पहले ही प्रयास में कामयाब रहा। विक्रम-1 को स्काईरूट एयरोस्पेस ने तैयार किया और लॉन्चिंग भी खुद ही की। सिर्फ लॉन्चपैड इसरो का था। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना 2018 में दो दोस्तों पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका ने की थी।

विक्रम-1 को आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन स्पेस सेंटर से दोपहर 12:05 बजे लॉन्च किया गया। स्काईरूट ने 2022 में विक्रम-एस सब-ऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च किया था, जो 89.5 ` की ऊंचाई तक गया था। अब विक्रम-1 450 ` की पृथ्वी की सर्कुलर निचली कक्षा तक पहुंच गया है। इसे भारत के स्पेस सेक्टर के लिए



बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

**ऑर्बिटल रॉकेट:** जब कोई रॉकेट पृथ्वी के चारों ओर लगातार चक्कर लगाने लायक स्पीड हासिल कर लेता है, तो वह ऑर्बिटल रॉकेट कहलाता है।

### 18 कैरेट सोने से बना आर्ट पीस भी स्पेस में भेजा गया

कॉस्मोस डायमंड्स की कलाकृति ₹कॉस्मिक ब्लूम₹ और एक खास माइक्रो-आर्ट पीस भी रॉकेट में भेजा गया। यह माइक्रो-आर्ट पीस 18 कैरेट सोने से बना छोटा सा रॉकेट है। इस पर वैज्ञानिक सर सीवी रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. कलाम की सूक्ष्म मूर्तियां उकेरी गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा गया एक पोस्टकार्ड भी रॉकेट में भेजा गया, जिस पर 'वंदे मातरम' शब्द अंकित हैं।

### हल्के कार्बन-कंपोजिट से बना है पूरा रॉकेट

विक्रम-1 पूरी तरह से हल्के और मजबूत कार्बन-कंपोजिट स्ट्रक्चर से बना पहला ऑर्बिटल रॉकेट है। कार्बन फाइबर स्टील की तुलना में पांच गुना हल्का होता है। इससे रॉकेट का वजन कम हो जाता है, जिससे इसकी ईंधन दक्षता बढ़ जाती है।

### आईसीआई बैंक का मुनाफा 16% बढ़कर 14,805 करोड़

# पहली तिमाही में अनुमान से बेहतर रहे नतीजे, बैंक की एसेट क्वालिटी भी सुधरी

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपने स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट में साल-दर-साल 15.95% की बढ़त दर्ज की है। यह बढ़कर 14,804.5 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

बैंक का यह मुनाफा बाजार के अनुमानों से काफी बेहतर रहा। इस निजी क्षेत्र के बड़े बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम भी उम्मीद से ज्यादा तेजी से बढ़ते हुए 12.7% की एनुअल ग्रोथ के साथ 24,384.35 करोड़ रुपए रही। एनालिस्ट पोल के अनुसार, बाजार को उम्मीद थी कि इस तिमाही में आईसीआईसीआई बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 9% की बढ़त के साथ 23,689 करोड़ रुपए रह सकती है।

वहीं, नेट प्रॉफिट में पिछले साल के मुकाबले 7% की ग्रोथ का अनुमान था, जिसके तहत इसके 13,616 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद जताई गई थी। बैंक ने मुनाफे और इंटरेस्ट इनकम दोनों ही मामलों में इन अनुमानों को पीछे छोड़ दिया।



जून तिमाही के दौरान बैंक के नेट इंटरेस्ट मार्जिन में तिमाही और सालाना दोनों आधार पर सुधार देखने को मिला है। इस तिमाही में 4.36% दर्ज किया गया। हालांकि, मार्च तिमाही में यह 4.32% और पिछले साल की समान अवधि में 4.34% के स्तर पर था। इसके साथ ही बैंक की एसेट क्वालिटी को भी और मजबूती मिली है।

## एनवीडिया सीईओ की ब्लैक लेदर जैकेट 9.4 करोड़ में बिकी

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

अमेरिकी टेक कंपनी एनवीडिया के उप्ड जेन्सन हुआंग की पहचान बन चुकी उनकी खास ब्लैक लेदर जैकेट करीब 9.4 करोड़ रुपए (9.60 लाख डॉलर) में नीलाम हुई है। ऑक्शन हाउस सोथबी द्वारा आयोजित इस नीलामी में जैकेट की कीमत उम्मीद से 16 गुना ज्यादा मिली है।

पहले इसके 40 हजार से 60 हजार डॉलर (करीब 33 लाख से 50 लाख रुपए) में बिकने का अनुमान लगाया गया था। इस नीलामी से मिलने वाली पूरी रकम को टेक और साइंस सेक्टर के युवा इनोवेटर्स की मदद के लिए दान किया जाएगा। फॉर्च्यून की



रिपोर्ट के मुताबिक, इस नीलामी से मिली राशि सैन फ्रांसिस्को की वेंचर कैपिटल फर्म 'लॉन्ग जर्नी वेंचर्स' द्वारा शुरू की गई एक पहल में जाएगी। यह पहल एज इंस्टीट्यूट नाम के एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन की मदद के लिए काम करती है। एज इंस्टीट्यूट टेक, साइंस, कल्चर और सोसाइटी से जुड़े लोगों को एक साथ लाता है ताकि वे नए आइडियाज पर काम कर सकें।

# Sport

# पीवी सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, 2 साल बाद कोई टाइटल जीता

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूनामेंट जीत लिया है। वे यह टूनामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं।

31 साल की सिंधु ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला।

सिंधु 4 साल बाद यामागुची को किसी फुल मैच में हरा सकी हैं। उन्हें पिछली जीत थाईलैंड ओपन में 2022 में मिली थी।



पिछले साल मलेशिया ओपन में यामागुची रिटायर हर्ट हो गई थीं। सिंधु ने 2 साल बाद कोई खिताब जीता है। उन्होंने 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीता था। वे 2022 में सिंगापुर ओपन सुपर 500 में चैंपियन बनी थीं।

यह सिंधु के करियर का पहला सुपर-750 खिताब है। 2019 वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने के बाद यह उनका सबसे बड़ा इंटरनेशनल खिताब है। सेमीफाइनल में चीन की चेन यू फेई हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गईं। उस समय सिंधु 21-19, 15-10 से आगे थीं। इससे पहले सिंधु ने जापान की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा चोट के कारण नहीं उतरीं, जिससे सिंधु को वॉकओवर मिला। इससे पहले दूसरे दौर में सिंधु ने चीन की हान यू को 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में चानू और लवलीना होंगी भारत की ध्वजवाहक



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। पीटी उषा ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। फिलहाल दोनों खिलाड़ी यूनाइटेड किंगडम में ट्रेनिंग कर रही हैं। मीराबाई चानू 8 अगस्त को 32 साल की हो जाएंगी। वे करीब एक दशक से भारत की प्रमुख वेटलिफ्टर हैं। उन्होंने 2021 टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर और 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि वे 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीत सकीं, लेकिन ग्लासगो में वे भारत की बड़ी उम्मीद हैं।

लवलीना बोरगोहेन ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके बाद उन्होंने 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड और 2023 हांगझू एशियाई खेलों में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ग्लासगो में होने वाले इन खेलों में लवलीना को भारत की प्रमुख पदक दावेदारों में से एक माना जा रहा है।

## रोहित शर्मा के संन्यास की अटकलें खारिज

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया है। इउउक सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि रविवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा का आखिरी इंटरनेशनल मैच नहीं होगा। रोहित के भविष्य को लेकर मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है कि रोहित रविवार को लॉर्ड्स में अपना आखिरी मैच खेलेंगे। उन्होंने कहा कि रोहित आगे भी भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे। इससे पहले इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा वनडे रोहित शर्मा का आखिरी इंटरनेशनल मैच हो सकता है।

# इंग्लैंड ने फुटबॉल वर्ल्डकप में ब्रॉन्ज जीता, साका की हैट्रिक

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

इंग्लैंड ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को 6-4 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इंग्लैंड ने वर्ल्ड कप इतिहास में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम 1966 में चैंपियन बनी थी।

इंग्लैंड की जीत के हीरो बुकायो साका रहे, जिन्होंने हैट्रिक लगाई। वहीं, फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल करके गोल्डन बूट की रेस में मेसी को पीछे छोड़ दिया। उनके 10 गोल हो गए हैं, जबकि मेसी के 8 गोल हैं। इतना ही नहीं, एमबाप्पे वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने। उनके नाम अब 22 विश्व कप गोल हो गए हैं, जबकि लियोनेल मेसी के 21 गोल हैं। हालांकि, आज देर रात होने



वाले वर्ल्ड कप फाइनल में मेसी के पास वापसी करने का मौका है। वर्ल्ड कप के तीसरे स्थान के मैच में पहली बार कुल 10 गोल देखने को मिले।

यह वर्ल्ड कप 1982 के बाद सबसे ज्यादा गोल वाला मुकाबला रहा। डेक्लान राइस ने इंग्लैंड के लिए फुटबॉल वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज (2 मिनट 14 सेकेंड) गोल किया। इंग्लैंड के लिए वर्ल्ड कप का सबसे तेज गोल अब भी ब्रायन रॉब्सन के नाम है, जिन्होंने 1982 वर्ल्ड कप में संयोग से फ्रांस के खिलाफ ही मुकाबले के 28वें सेकेंड में गोल किया था। फ्रांस के माइकल ओलिसे ने इस वर्ल्ड कप में 7वां गोल असिस्ट किया। वे 1966 के बाद किसी एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए।

## रोहित और विराट समेत किसी खिलाड़ी की जगह परमानेंट नहीं

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने कहा है कि टीम इंडिया में किसी भी खिलाड़ी की जगह पक्की नहीं होती। उन्होंने साफ किया कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी तभी तक मौका मिलना चाहिए जब तक वे परफॉर्म कर रहे हैं। कपिल देव ने कहा कि सीनियरों के अनुभव का फायदा तब तक मिले जब तक वे मैच जिता रहे हैं। खराब फॉर्म की सिचुएशन के लिए युवा खिलाड़ियों का बैकअप भी तैयार रखना चाहिए। रोहित-विराट टी-20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। वे सिर्फ वनडे खेल कर रहे हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570 9827832632

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### एक दिन में अपहरण के 6 मामले दर्ज, गुमशुदगी की जांच के बाद आरोपियों पर किया केस दर्ज

**पीथमपुर।** पीथमपुर अनुभाग में गुमशुदगी के मामलों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह मामलों में अपहरण के प्रकरण दर्ज किए हैं। गुमशुदा लोगों का लंबे समय तक कोई सुराग नहीं मिलने और जांच के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 140(3) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना पीथमपुर क्षेत्र में चार अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें इंडोरामा स्थित वर्मा कॉम्प्लेक्स, जवरा कॉलोनी, सेक्टर-03 स्थित श्रीनाथ कंपनी क्षेत्र और सतनाला गणेश मंदिर के पास से लापता हुए लोगों के मामले शामिल हैं। सभी मामलों की जांच अलग-अलग पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। सेक्टर-01 थाना क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी दीपक यादव की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, 14 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महू के स्कूल में पहली के छात्र से दुर्व्यवहार के बाद पेरेंटस-एबीवीपी कार्यकर्ताओं का धरना

**महू।** महू के सिग्नल विहार स्थित डेफोडील स्कूल में सोमवार को कक्षा पहली के छात्र से कथित दुर्व्यवहार को लेकर एबीवीपी और हिंदू संगठनों ने भारी हंगामा किया। कार्यकर्ताओं ने स्कूल परिसर में धरना देकर समन्वयक जैनब खान के इस्तीफे की मांग की। छात्र अर्नव की मां मीनू सेंधव ने आरोप लगाया कि समन्वयक जैनब खान उनके बेटे को मानसिक रूप से परेशान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 96 से 98 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र को हालिया टेस्ट में शून्य अंक दिए गए और बात करने पर अभद्रता की गई। प्रदर्शन के दौरान स्कूल प्रबंधन का पक्ष लेने पहुंचे जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय का कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए सरदार मालवीय का हाथ पकड़कर उन्हें स्कूल परिसर से बाहर निकाल दिया। हंगामे के दौरान आरोपी समन्वयक स्कूल परिसर से बाहर चली गईं। मामले पर अब तक स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है, जबकि एबीवीपी ने न्याय न मिलने तक प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है।

### भैरव घाट पर ट्रैवलर ने बाइक को रौंदा, दो लोगों की मौके पर मौत

**महू।** इंदौर-इच्छापुर मार्ग स्थित सिमरोल थाना क्षेत्र के भैरव घाट पर सोमवार को तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर मारने के बाद टेंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घटनास्थल के पास भारी भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही सिमरोल थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। थाना प्रभारी कुलदीप खत्री के मुताबिक मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और क्रेन की मदद से खाई में गिरे वाहन को बाहर निकालकर यातायात बहाल कराया गया।

### 11 साल से अधूरा आंगनवाड़ी भवन, बच्चों की सुरक्षा पर सवाल, 2015 से बनना हुआ था शुरू

**झाबुआ।** झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील के भेरूपाड़ा ग्राम पंचायत के केसरपुरा गांव में एक आंगनवाड़ी भवन पिछले 11 साल से अधूरा पड़ा है। वर्ष 2015 में बच्चों के लिए 5 लाख रुपए की लागत से इस भवन की नींव रखी गई थी, लेकिन यह आज तक पूरा नहीं हो सका है। भवन की इस बदहाली से यहां आने वाले बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। आंगनवाड़ी भवन की वर्तमान स्थिति जर्जर है। इसमें अभी तक मुख्य दरवाजे नहीं लगाए गए हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। फर्श का काम भी अधूरा है और लंबे समय से रंग-रोगन नहीं हुआ है। दरवाजों के अभाव में बारिश का पानी अंदर आता है और आवारा पशुओं के प्रवेश का डर भी बना रहता है। स्थानीय आशा कार्यकर्ता नर्मदा बाई ने भी इस असुरक्षित माहौल को लेकर चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन का निर्माण कार्य कागजों में पूरा दिखा दिया गया है और संभवतः इसके लिए आवंटित राशि का भी दुरुपयोग किया गया है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ था, तो सरकारी खजाने से भुगतान किस आधार पर किया गया?

### इंदौर-दाहोद रेल परियोजना का निर्माण कार्य पीथमपुर-धार टेस्टिंग के बाद चल रहा सुस्त

**धार।** इंदौर-दाहोद रेल परियोजना एक बार फिर चर्चा में है। पिछले कई महीनों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा था, लेकिन अब इसकी रफ्तार अचानक धीमी पड़ती नजर आ रही है। पीथमपुर से धार तक रेल इंजन का सफल परीक्षण होने के बाद जहां लोगों को उम्मीद थी कि निर्माण कार्य और तेज होगा, वहीं अब कई स्थानों पर काम की गति कम होने से स्थानीय लोगों के बीच सवाल उठने लगे हैं। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत पिछले कई महीनों से विभिन्न स्थानों पर युद्धस्तर पर काम चल रहा था। नई रेलवे लाइन बिछाई जा रही थी, पुलों का निर्माण किया जा रहा था और नए रेलवे स्टेशनों को अंतिम रूप देने का काम भी तेजी से आगे बढ़ रहा था। भारी मशीनों और सैकड़ों मजदूरों की मदद से दिन-रात निर्माण कार्य चलने के कारण लोगों को उम्मीद थी कि वर्षों पुराना रेल संपर्क का सपना जल्द पूरा हो जाएगा। परियोजना के तहत कुछ समय पहले रेलवे विभाग ने पीथमपुर से धार तक रेल इंजन का सफल परीक्षण किया था।

### मंडी में 5656 बोरी उपज की आवक दर्ज, सोयाबीन 7406 और गेहूं 2928 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका

**धार।** धार कृषि उपज मंडी में रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को कुल 5656 बोरी कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। इस दौरान सोयाबीन का अधिकतम भाव 7406 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं का अधिकतम भाव 2928 रुपए प्रति क्विंटल रहा। मंडी में किसानों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली और दिनभर उपज की नीलामी चलती रही। मंडी में सबसे अधिक सोयाबीन की 2841 बोरी आवक हुई। सोयाबीन का न्यूनतम भाव 4100 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम भाव 7406 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचा। गेहूं की 2777 बोरी की आवक हुई। गेहूं का न्यूनतम भाव 1940 रुपए प्रति क्विंटल रहा, वहीं अधिकतम भाव 2928 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। देसी चने की केवल 1 बोरी बिक्री के लिए पहुंची, जिसका भाव 5100 रुपए प्रति क्विंटल रहा। डॉलर चने की 21 बोरी आवक हुई, जिसका न्यूनतम भाव 4780 रुपए और अधिकतम भाव 8000 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त, मक्का की 11 बोरी मंडी पहुंची। मक्का का न्यूनतम भाव 2095 रुपए और अधिकतम भाव 2222 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

### बस ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत चालक की सूझबूझ से खाई में गिरने से बची बस

**झाबुआ।** झाबुआ-मेघनगर मार्ग पर सोमवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि टक्कर के बाद यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई की ओर लटक गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से बस खाई में गिरने से बच गई और उसमें सवार सभी यात्रियों की जान सुरक्षित रही। दुर्घटना मेघनगर के समीप झाबुआ-मेघनगर रोड पर हुई, जहां यात्रियों से भरी बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खाई की ओर बढ़ गई। समय रहते चालक ने वाहन पर नियंत्रण कर लिया, जिससे बस खाई में गिरने से बच गई। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार या वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है।

## पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला के पति के शव पर सस्पेंस बरकरार: इंदौर पुलिस को डीएनए रिपोर्ट का इंतजार

# पिता बोले- ये अखिलेश, बेटी ने कहा- नहीं पहचानती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी (38) की हत्या के आरोपी पति अखिलेश सैनी (45) के शव को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। गंजबासौदा में रेलवे ट्रैक पर शव के साथ मिले आधार कार्ड और सुसाइड नोट के आधार पर पिता सीताराम सैनी और भाई चित्रेश सैनी ने इसके अखिलेश होने की पहचान की है।

वहीं, पुलिस वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर ही इसकी पुष्टि करने की बात कह रही है। उसे डीएनए जांच की रिपोर्ट का इंतजार है। ये रिपोर्ट आने में करीब 10 दिन लग सकते हैं। दरअसल, 11 जुलाई को उर्मिला की हत्या के बाद से ही अखिलेश गायब था। शनिवार रात एक सिरकटा शव गंजबासौदा-पवई रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला था। पैंट की जेब से अखिलेश के दस्तावेज और सुसाइड नोट बरामद हुए हैं।



**फोरेंसिक विशेषज्ञ बोले- सिर मिलना भी जरूरी-** इंदौर में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक विभाग अध्यक्ष डॉ. बीके सिंह ने कहा- डीएनए रिपोर्ट से यह तो स्पष्ट हो जाएगा कि शव किस व्यक्ति का है लेकिन मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने के लिए शव के सभी महत्वपूर्ण अंगों का परीक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिर नहीं मिलने की स्थिति में मरने या मारने के तरीके का पता लगाना मुश्किल होगा। ऐसे मामलों में सिर पर मौजूद चोटें, घाव, निशान, खून और अन्य बिंदु फोरेंसिक जांच का अहम हिस्सा होते हैं।

### नाभि में सूजन और सफेद दाग से पहचाना

सोमवार सुबह पुलिस ने अखिलेश के पिता सीताराम सैनी को बुलाया, जिन्होंने शव की पहचान अपने बेटे के रूप में की। सीताराम कृषि विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि अखिलेश की नाभि में पिछले तीन महीने से बीमारी के कारण सूजन थी, जिससे वह बाहर आ गई थी। शरीर पर सफेद दाग भी थे, इनके आधार पर ही उन्होंने अपने बेटे की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद शव उनको सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार भोपाल के टीला जमालपुरा में किया जाएगा।

### शव के पास मिले तीन सुसाइड नोट

सूत्रों के अनुसार, शव के पास से तीन सुसाइड नोट मिले हैं। पहला सुसाइड नोट सीताराम सैनी के नाम लिखा गया था, जिसमें बच्चों का ध्यान रखने और अपनी चिता को बेटे से मुखाग्नि दिलवाने की बात थी। दूसरा सुसाइड नोट अव्यक्त उर्फ प्रायु के नाम था, जिसमें उसे दादा-दादी के साथ रहने को कहा गया था। तीसरा सुसाइड नोट पुलिस के नाम लिखा गया था। इसमें अखिलेश और उर्मिला के बीच चल रहे विवाद का जिक्र करते हुए कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**बेटी पिता की गिरफ्तारी की मांग करती रही**

अखिलेश की 15 वर्षीय बेटी प्रेक्षा ने केवल धड़ देखकर शव को अपने पिता का मानने से इनकार कर दिया। पुलिस ने उसे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों की जानकारी दी, लेकिन उसने कहा कि सिर नहीं होने की स्थिति में वह शिनाख्त नहीं कर सकती। प्रेक्षा अपनी मां उर्मिला की हत्या के बाद लगातार आरोपी पिता की गिरफ्तारी की मांग करती रही थी। उसने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे थे। कहा था कि पिता को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अखिलेश-उर्मिला का 7 वर्षीय बेटा अव्यक्त उर्फ प्रायु फिलहाल अपने नाना-नानी के साथ खंडवा में रह रहा है। परिवार ने उसे अभी तक पिता के शव मिलने की जानकारी नहीं दी है। परिजन के मुताबिक, वह अब भी मां उर्मिला की हत्या के सदमे से पूरी तरह उबर नहीं पाया है। अक्सर उस घटना को याद कर डर जाता है।

## 8,534 लोगों ने बनाई मानव श्रृंखला, पुलिस ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

# नशे के खिलाफ इंदौर ने बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सोमवार को शहर में 8,534 लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशे के खिलाफ नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान इंदौर पुलिस ने अपना ही पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले नशे के खिलाफ 7,100 लोगों की मानव श्रृंखला का वर्ल्ड रिकॉर्ड इंदौर पुलिस के नाम दर्ज था।

कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया।

**पुलिस कमिश्नर ने दिलाई शपथ-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।




उन्होंने मौजूद लोगों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। सभी ने नशामुक्त इंदौर और नशामुक्त भारत के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।

**एक आयोजन में दो रिकॉर्ड का दावा-** इंदौर पुलिस के मुताबिक, मानव श्रृंखला में 8,534 लोगों की भागीदारी के अलावा पुलिस कमिश्नर द्वारा एक साथ इतने लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के आधार पर भी वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए दावा किया गया है। इस तरह एक ही आयोजन में दो विश्व रिकॉर्ड दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### अभियान लगातार जारी

इंदौर पुलिस का 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बस्तियों और सामाजिक संगठनों तक पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहा है। पुलिस का कहना है कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर नशामुक्त समाज तैयार करना है।

## आहार की शर्त, कम से कम पांच पेड़ लगाओ, तभी संत करेंगे भोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जैन धर्म में चातुर्मास को आत्म-साधना, अहिंसा और जीव दया का समय माना जाता है। इंदौर में दिगंबर जैन संत अंतमुर्खी मुनि पूज्यसागर महाराज ने इस बार चातुर्मास को प्रकृति संरक्षण से जोड़ दिया है।

उन्होंने तय किया है कि वे चातुर्मास के दौरान उसी श्रावक (परिवार) के घर आहार ग्रहण करेंगे, जो पर्यावरण बचाने का लिखित संकल्प देगा। मुनि श्री ने इसके लिए संकल्प पत्र तैयार कराया है। जिस परिवार में आहार होगा, उसे तीन में से कम से कम दो संकल्प लेने होंगे। इनमें घर या आसपास कम से कम 5 पौधे लगाना और उनकी जिम्मेदारी लेना, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना, एक परिवार द्वारा दूसरे परिवार को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। महाराज श्री ने बताया कि चातुर्मास के 120 दिनों में अकेले इंदौर में उनके माध्यम से 600 से ज्यादा पौधे लगने का अनुमान है।

## मशीन का स्टैंड गिरने से कर्मचारी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित हिमटेक्नो कंपनी में मशीन हादसे में कर्मचारी की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद तीन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, 600 टन क्षमता वाली हैमर मशीन का स्टैंड 49 साल के कर्मचारी भीमसेन के सिर पर गिर गया था। जांच में मशीन की सर्विसिंग के दौरान लापरवाही सामने आने पर तीन टेक्नीशियन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, कुल्लुराम सेन के पुत्र भीमसेन (49) हिमटेक्नो कंपनी में पाट्र्स की डाई बनाने का काम करते थे। 4 जुलाई की शाम वे 600 टन क्षमता वाले हैमर पर ग्राइंडिंग कर रहे थे। इसी दौरान मशीन का स्टैंड मुड़कर उनके सिर पर गिर गया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि हादसे से तीन दिन पहले, 1 जुलाई को मशीन का मेंटेनेंस और सर्विसिंग की गई थी। ये काम टेक्नीशियन विनोद कुमार, फीटर सुरेश बोराडे और रामतिरथ को सौंपा गया था। पुलिस जांच के अनुसार, सर्विसिंग के दौरान मशीन को सही तरीके से फिट नहीं किया गया। आरोप है कि इसी लापरवाही के कारण काम के दौरान हैमर मशीन का स्टैंड मुड़कर भीमसेन के सिर पर गिर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। जांच के दौरान जुटाए गए सबूतों के आधार पर थाना सेक्टर-1 पीथमपुर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोपी विनोद कुमार, सुरेश बोराडे और रामतिरथ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# गलती से कचरा गाड़ी में फेंका 2 किलो चांदी का लोटा

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में 24 घंटे सर्च ऑपरेशन, निगमकर्मियों ने 24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नगर निगम की गाड़ियां सिर्फ कचरा ही नहीं उठातीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर सजगता दिखाते हुए आपकी खोई हुई कीमती अमानत भी सुरक्षित वापस ला सकती है।

ऐसा ही एक अनूठा मामला राजेंद्र नगर क्षेत्र में सामने आया है, जहां एक महिला की छोटी सी चूक से कचरा गाड़ी में गए दो किलो चांदी के लोटे को निगमकर्मियों ने 24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला। रविवार को जब यह लोटा वापस परिवार को सौंपा गया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।



### लालबाग से नेपरा ट्रेंचिंग ग्राउंड तक खोजबीन

पार्षद ने तुरंत वार्ड 80 के कचरा वाहन चालक और दरोगा भारत वैद्य से संपर्क किया। तब तक वार्ड से निकला कचरा पहले लालबाग ट्रेंचिंग ग्राउंड और वहां से आगे नेपरा ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जा चुका था। सैकड़ों टन कचरे के बीच से एक लोटा ढूंढना चुनौतीपूर्ण काम था, लेकिन निगम अमले ने इसे जिम्मेदारी से लिया। जोन-21 के सीएसआई विजय यादव, एसीएसआई रवि सिंह और ट्रेंचिंग ग्राउंड प्रभारी धीरज व्यास ने टीम के साथ मोर्चा संभाला। शुक्रवार रात से शुरू हुआ यह तलाशी अभियान शनिवार सुबह तक जारी रहा। आखिरकार, निगमकर्मियों ने कचरे के ढेर में दबा वह चांदी का लोटा ढूंढ निकाला।

राजेंद्र नगर की रहने वाली महिला ने घर का नियमित कचरा बाहर निकाल कर रखा था। इसी दौरान घर में एक बंद थैली में दो किलो वजन का चांदी का लोटा भी रखा हुआ था। कचरे की थैली और लोटे वाली थैली एक जैसी होने के कारण, महिला ने अनजाने में लोटे वाली थैली को भी कचरा कलेक्शन वाहन में डाल दिया।

शाम को जब परिवार ने घर में लोटा ढूंढा और वह नहीं मिला, तब उन्हें अपनी इस भूल का अहसास हुआ। इसके बाद परिवार ने तुरंत क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे से संपर्क कर मदद मांगी।

शनिवार को लोटा सुरक्षित मिलने के बाद रविवार को इसे वापस पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मधु वर्मा ने भी पूरी टीम को बधाई दी।

# पार्षद की बस ने कार-रिक्शा और बाइक को टक्कर मारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार रोड पर पार्षद भरत रघुवंशी की बस ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। बस चालक मोबाइल पर बात कर रहा था। घटना से अफरा-तफरी मच गई। दो लोगों को चोट भी आई है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। टीआइ तिलक करोले के अनुसार घटना जवाहर टेकरी की है। भाजपा पार्षद भरत रघुवंशी की बस इंदौर से झाबुआ जा रही थी। बस में सवारियां बैठी हुई थीं। बस का चालक मोबाइल पर बात कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक की लापरवाही से बस आगे चल रहे वाहनों में घुस गई। एक कार, ऑटो रिक्शा और बाइक को क्षतिग्रस्त कर डाला। अन्य वाहन भी चपेट में आते-आते बचे। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने बस को घेर लिया। घटनाक्रम देखकर बस चालक की तबियत खराब हो गई। टीआई के अनुसार बस को थाने ले जाया गया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

तेज रफ्तार में आई कार चाय की दुकान (गुमटी) में जा घुसी। चालक कार से उतरा नहीं बल्कि तेज रफ्तार में रिवर्स लेने लगा और बाइक को क्षतिग्रस्त कर फरार हो गया। घटना से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने कार फोड़ने का प्रयास भी किया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।




## नाले किनारे मिला 35 साल के युवक का शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र स्थित सांवरिया मंदिर चौराहे के पास सोमवार सुबह नाले के किनारे 35 साल के युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शुरूआती जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान सांवरिया मंदिर के पास स्थित झुग्गी बस्ती निवासी आत्माराम पिता दूधा राठौड़ (35) के रूप में हुई है। वह राजमिस्त्री का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और पांच बेटियां हैं। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। सूचना मिलते ही नवागत नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) कमल सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मामले की गहन जांच के लिए एफएसएल और साइबर टीम को भी बुलाया गया। सीएसपी कमल सिंह चौहान ने बताया कि शव की पहचान कर ली गई है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।









स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com